दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 31 मई-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 161 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3







# राम मंदिर बनने से भारत के भाग्य का सूर्योदय हुआ है : गजेंद्र सिंह शेखावत

## पुण्यश्लोका रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम गाजियाबाद द्वारा पुष्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय पर्यटन संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रिक उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए केंद्रीय पर्यटन संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत माता का किसी भी कार्यक्रम के शुभारंभ पर संबोधन ऊर्जा और उत्साह के लिए नहीं बल्कि सम्मान और समर्पण का भी प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने रानी अहिल्याबाई होल्कर के विषय में बताते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने जिस तरीके से देश के पुराने मंदिरों और पर्यटन की सुरक्षा की, उनका पुनः निर्माण कराया, यह इतिहास में याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें इतिहास में गलत पढ़ाया गया है कि महाराणा प्रताप हल्दीघाटी का युद्ध हारे थे, पर इतिहास में तमाम गलत तथ्य दिखाकर हमें अपमानित किया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज राम मंदिर बनने के केवल दो वर्ष बाद ही भारत के भाग्य का सूर्योदय हो गया है। उन्होंने कहा जो देश 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था पर था, अब वह चौथे नंबर पर आ गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी के चलते ही उत्तर प्रदेश के विजन पर यह एक नंबर का सपना भी सच होगा।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भारत योग, धर्म, आयुर्वेद, संस्कृति, कृषि और कई अन्य क्षेत्रों में नंबर वन की स्थिति पर काबिज हो रहा है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि यह सब राम मंदिर बनने के बाद से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा अभी तो राम मंदिर बने हुए केवल दो साल का वक्त बीता है और भारत का भाग्योदय सूर्योदय की तरह आगे बढ़ रहा है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जिस तरीके से अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन में कष्ट सहते हुए देश और भारत की पीढ़ी को संवारने का काम किया है, आज सभी को वैसा ही करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में बोलते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत ने गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल को बेहतर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। तो वहीं ओजस्वी एवं प्रखर भाषण देने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ वाली सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा के भाषण की तारीफ की और उन्होंने कहा कि जिस तरीके से सुनील शर्मा ने भाषण देकर विदेशी आक्रांताओं और कांग्रेस द्वारा इतिहास के प्रमुख अध्यायों को अध्ययन में ना जोड़ने का जिक्र किया गया है वह काबिले तारीफ रहा।

## हमें और हमारे युवाओं को महाराणा प्रताप, राणा सांगा और अहिल्याबाई होल्कर का इतिहास साजिश के तहत नहीं पढ़ाया गया : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



### कांग्रेस ने नहीं पढ़ाया महाराणा प्रताप, राणा सांगा और अहिल्याबाई का इतिहास : सुनील शर्मा

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नगर निगम द्वारा पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा है कि पूरे भारत में सनातन स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर का नाम सामाजिक और महिलाओं से लेकर पाल समाज को मजबूत बनाने में सबसे आगे आना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने हमें अकबर, सिकंदर और अशोका का पाठ पढ़ाया है जबकि हमारे इतिहास में महाराणा प्रताप, राणा सांगा और अहिल्याबाई होल्कर जैसी वीरांगनाओं का जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सिनेमा और इतिहास में भी अहिल्याबाई होल्कर की साहसिक पृष्ठभूमि को प्रदर्शित नहीं किया गया है। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि युवाओं और छात्रों को कांग्रेस सरकार और दूरदर्शन के समय चार्ली चैंपियन और और कार्टून दिखाए जाते थे जबकि देश के युवाओं को प्रदर्शित करने के लिए कई ऐसे वीर और क्रांतिकारी थे, जिनका पाठ पढ़ाया जाना चाहिए था। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और रोल मॉडल की तारीफ करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि बीते कुछ सालों में ही देश और प्रदेश तरक्की कर रहा है।



### सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए रानी अहिल्याबाई होल्कर हमेशा याद की जाएगी : सत्येंद्र सिसोदिया

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया भी नगर निगम द्वारा पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान, प्रगति और जीवन में बदलाव लाने के लिए रानी अहिल्याबाई होल्कर ने कम उम्र में पहले विवाह किया और फिर विधवा होने के बावजूद भी उन्होंने समाज और हिंदुत्व के लिए काम किया। उन्होंने पूरे भारत के तमाम पुराने मंदिरों को जीणोद्धार कराने का काम किया है। तो वहीं सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने के लिए भी हमेशा रानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा काम किया गया है।

### महापौर सुनीता दयाल का मैनेजमेंट रहा टॉप





करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद के बैनर तले महापौर सुनीता दयाल की देखरेख में हो रहे रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन सम्मान समारोह कार्यक्रम का मैनेजमेंट बेहतर रहा। कार्यक्रम स्थल पर जहां बड़ी संख्या में सर्व समाज की उपस्थिति थी। तो पाल समाज के लोगों को भी खासतौर से आमंत्रित किया गया। उनके समाज के लोगों से मुख्य अतिथि से लेकर आए हुए जनप्रतिनिधियों का स्वागत कराया गया। इसके साथ ही महापौर सुनीता दयाल खुद खड़े होकर अतिथियों के आगमन पर उनका स्वागत कर रही थीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर निगम के पार्षद और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ता नजर आ रहे थे। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए वाहनों की पार्किंग के लिए वैले पार्किंग की भी व्यवस्था की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल को भव्यता और सुंदरता प्रदान करने के लिए सजावट की गई थी। रंगोली से लेकर कई तरीके के स्टॉल बनाकर आए अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया। कुल मिलाकर कहा जाए तो महापौर सुनीता दयाल की देखरेख में हुए नगर निगम के इस कार्यक्रम का मैनेजमेंट टॉप का रहा।

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और उनकी टीम भी रही पूरी तरह एक्टिव





**करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम के बैनर तले हो रहे रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह एवं महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में नगर निगम के अधिकारियों की भूमिका भी स्पष्ट रूप से नजर आ रही थी। खुद विक्रमादित्य मलिक नगर आयुक्त के रूप में मंचासीन प्रथम पंक्ति पर थे। तो उनके साथ ही अपर नगर आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, उद्यान अधिकारी, कर अधिकारी से लेकर नगर निगम के कई अन्य अधिकारी इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा को देखने एवं बनाने का काम कर रहे थे। व्यवस्थाओं से लेकर जिन अधिकारियों को जो-जो जिम्मेदारी मिली थी, उसे पूरी क्षमता से भी निभाया जा रहा था। खुद महापौर सुनीता दयाल के साथ नगर आयुक्त कदम से कदम मिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेहनत भी कर रहे थे।





कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम और महापौर सुनीता दयाल की ओर से किया गया था। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष मंकय गोयल, पूर्व महापौर आशा शर्मा व अशु वर्मा और भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल मंचासीन अतिथियों में रहे। इस मौके पर 25 महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सभी को प्रशस्ति पत्र, राहत किट प्रदान की गई। वहीं पांच स्वयं सहायता समूह और पांच पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## पाल समाज में दिया एकजुटा का संदेश

**करंट क्राइम :** नगर निगम की ओर से शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में आयोजित पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बड़े संख्या में पाल समाज की एककुटा का संदेश देने का काम किया गया है। पाल समाज के तमाम नेताओं और पदाधिकारियों के द्वारा न सिर्फ आए अतिथियों का बड़ी माला व शॉल बुके गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया गया। तो वहीं बड़ी संख्या में उनको प्रथम पंक्ति में भी स्थान दिया गया है। कुल मिलाकर नगर निगम और महापौर की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम के जरिए पाल समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया है।



### कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र त्यागी की केंद्रीय और कैबिनेट मंत्री ने की तारीफ



**करंट क्राइम :** नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शुक्रवार को पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गजेंद्र सिंह शेखावत केंद्रीय पर्यटन संस्कृति मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे। दोनों ने ही कार्यक्रम के संयोजक और मंच संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे भारतीय जनता पार्टी के नगर निगम में पार्षद वीरेंद्र त्यागी की तारीफ की है। पार्षद वीरेंद्र त्यागी न सिर्फ मंच संचालन बेहतर ढंग से कर रहे थे, बल्कि वह आने वाले अतिथियों को सम्मान पूर्वक उचित स्थान पर भी भेज रहे थे। इसके साथ ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ जुटाने के प्रबंध तंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।











### कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति भी रही







**करंट क्राइम :** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में जहां कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पर्यटन संस्कृति मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में गजेंद्र सिंह शेखावत थे। तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, तो पूर्व मेयर आशा शर्मा और अशु वर्मा के साथ ही बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल, भाजपा नेता अनिल सांवरिया, केडी त्यागी, पार्षद प्रवीण चौधरी, मनोज त्यागी, अमित त्यागी, गौरव सोलंकी, नरेश भाटी, हिमांशु चौधरी, पवन गोयल, बॉबी त्यागी, गोपाल अग्रवाल, गौरव चौपड़ा, प्रदीप चौहान, प्रीति चंद्रा, अमृता, प्रवीण चौधरी, रनीता सिंह, प्रेमचंद त्यागी, अनिल अग्रवाल, राजू पांचाल, सुशील गौतम, लेखराज माहोर, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, भानु सिसोदिया, सुशील गौतम, पूर्व विधायक वीर सिरोही, राजेश त्यागी, अमरनाथ शर्मा ,विनीत शर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर निगम के पार्षद और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली सरकार का 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड

# सीएम बोलीं: महिला कल्याण निधि योजना वन टाइम नहीं, इसे जल्द लागू करेंगे



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने 100 दिन के कामकाज की 'वर्क बुक' लॉन्च की। साथ ही एक पंपलेट भी लॉन्च किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि महिला कल्याण निधि योजना पर गंभीरता से काम चल रहा है। इसे हम बहुत जल्द लॉन्च करेंगे। आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछली सरकार नाम करने वाली सरकार थी, वे भ्रष्टाचार करके मेवा खा रहे थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि महिला कल्याण निधि देने के लिए पात्र महिलाओं को चुना जा रहा है, यह वन टाइम योजना नहीं है, इसपर गंभीरता से काम चल रहा है। इसे हम गंभीरता के साथ बहुत जल्द लॉन्च करेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अपने 100 दिन के कामकाज की 'वर्क बुक' लॉन्च की। एक पंपलेट भी लॉन्च किया, जिसके माध्यम से दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद 70 विधानसभाओं में जाकर 100 दिन में सरकार के किए काम को बताएंगे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज सिंह, दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों को बधाई, सबने 100 दिन में बहुत काम किया। उन्होंने सरकार की 'वर्क बुक' लॉन्च की। उन्होंने कहा कि ये किताब रिपोर्ट कार्ड नहीं, सरकार की वर्क बुक है, इसमें वे काम हैं जो आगे भी बढ़ते जाएंगे। इसे हम 70 विधानसभाओं में जाएंगे, मंत्री विधायक, पार्षद जनता के बीच जाकर सरकार के प्रयासों का ब्योरा देंगे। सरकार ने एक पंपलेट भी छपवाया है, इसमें सरकार के 100 दिन के कामकाज का ब्योरा है, इसको हर घर तक हम पहुंचाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को जेएलएन स्टेडियम में भी एक कार्यक्रम आयोजित कर सरकार के काम काज का ब्योरा देंगे। पिछली सरकार नाम करने वाली सरकार थी, ये काम करने वाली सरकार है, हम काम करने वाले लोग हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार करके मेवा खा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा एक-एक दिन दिल्लीवासियों की भलाई के लिए तत्पर रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे मंत्री दूसरे राज्यों में जाकर केवल प्रचार करने का काम नहीं किया, 100 दिन में हमने जमीन पर उतरकर काम किया। हमने 1 लाख करोड़ का बजट पास किया है, उसको लागू करने के लिए सरकार सिद्दत से काम कर रही है।

### महिला कल्याण निधि योजना पर गंभीरता से काम चल रहा है - सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला कल्याण निधि देने के लिए पात्र महिलाओं को चुना जा रहा है, यह वन टाइम योजना नहीं है, इसपर गंभीरता से काम चल रहा है। इसे हम गंभीरता के साथ बहुत जल्द लॉन्च करेंगे।

### छोटे-छोटे मगर महत्वपूर्ण काम हुए - आशीष सूद

कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार के 100 दिन के बक्से में दिल्लीवासियों के लिए छोटे छोटे मगर महत्वपूर्ण काम हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार के शुरूआती 100 दिन बहुत महत्वपूर्ण रहे, दिल्ली में आधी रात को महिला मुख्यमंत्री ने सड़कों के निर्माण का मुआयना किया है। हम ये नहीं कहते कि हमने सब बदल दिया, लेकिन छोटे छोटे महत्वपूर्ण काम शुरू हुए हैं।

### छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए किया करार

दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने तकनीकी विभाग के साथ तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हाथ मिलाया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में एमओयू हस्ताक्षर कराए। छात्रों को तकनीकी ट्रेनिंग देने के लिए मारुति सुजुकी और अन्य तीन कंपनियों के साथ करार हुआ है। जल्द ही दिल्ली के उच्च शिक्षण संस्थानों में ये कार्यक्रम शुरू होगा।

# आईएनएस विक्रांत से राजनाथ सिंह ने भरी हुंकार

## भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है'

**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता। वैसे भी ह्यविक्रांतह्न का अर्थ ही होता है- अदम्य साहस, और अपराजेय शक्ति। आज आप सभी जांबाजों के बीच खड़े होकर मैं इस नाम के अर्थ को साकार होता देख रहा हूं। आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है।



राजनाथ ने कहा, 'आज मैं यहां केवल रक्षा मंत्री के नाते नहीं आया हूं, बल्कि मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं। मैं आपके समर्पण को नमन करने, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं। मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देता हूं। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने ह्यऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है।'

उन्होंने कहा कि महज कुछ ही समय में हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर मैं फिर दुहरा रहा हूं, हमने अपनी शर्तों पर अपनी सैन्य कार्रवाई को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत संचालन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब वायु सेना ने पाकिस्तान की धरती पर आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया, तब अरब सागर में आपकी आक्रामक तैनाती, बेजोड़ समुद्री डोमेन जागरूकता और समुद्री वर्चस्व ने पाकिस्तानी नौसेना को उसके ही तटों के पास सीमित कर दिया। वे खुले समुद्र में आने का साहस तक नहीं जुटा सके। उन्होंने कहा कि हमारी सेना की आगे की तैनाती के साथ-साथ विक्रांत कैरियर बैटल ग्रुप की बल प्रक्षेपण ने भी हमारे इरादे और क्षमता का प्रभावी संकेत दिया। आपकी इस मजबूत तैयारी ने दुश्मन के हौसले को पहले ही पस्त कर दिया। पाकिस्तान के लिए आपकी तैयारी मात्र ही बहुत थी। आपको तो कार्रवाई की जरूरत ही नहीं पड़ी, आपकी तैयारी से ही दुश्मन सकते में आ गया।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, पांच लोगों की मौत, 15 घायल पांच की हालत गंभीर, सीएम ने जताया शोक

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। 45 यात्रियों को लेकर बस शिवगुलामगंज हाईवे पर पहुंची, तभी डिवाइडर से टकरा गई। दर्दनाक हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों का उपचार जारी है। जौनपुर के बक्शा थाना क्षेत्र के शिवगुलामगंज हाईवे पर हिम्मत बस सर्विस की प्राइवेट बस जौनपुर जा रही थी। डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर बस पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग घायल हो गए। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकरी के अनुसार, हादसा सुबह 8.40 बजे हुआ। बस जौनपुर शहर की तरफ जा रही थी। अपनी लेन से दूसरी पटरी पर जाते समय हादसा हुआ। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने थाने की पुलिस और गांव वालों की मदद से घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया।

हादसे में पांच यात्रियों, जिसमें दो पुरुष और तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 यात्री घायल हुए हैं, वहीं पांच की हालत गंभीर है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. कौस्तुभ कुमार, एडिशनल एसपी ग्रामीण तपिश कुमार सिंह, सीओ सदर परमानंद कुशवाहा मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। बस में 45 यात्री सवार थे। पांच की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय भेजा गया।



### सीएम ने जताई संवेदना, अफसरों को निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जौनपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

# पीएम मोदी बोले: बिहार से आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का वादा किया था, उसे पूरा करके ही आया



**बिहार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार यह एलान किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को भी सीधा टारगेट किया गया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे। हमारी सेना ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पाकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए।

### राम की रीति ही नए भारत की नीति बन गई

बिहार के रोहतास जिले के विक्रमगंज में पीएम मोदी की सभा थी। जिला मुख्यालय सासाराम है। सासाराम का नाम लेते हुए पीएम मोदी ने कहा किइसके तो नाम में ही राम है। राम राज्य में यह रीति थी- प्राण जाए पर वचन न जाए।

राम की रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। उन्होंने आगे इस बात को और साफ करते हुए कहा- पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था। वचन दिया था। बिहार की धरती पर आंख में आंख मिलाकर कहा था कि आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा।

उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। आज जब बिहार आया हूं तो अपना वचन पूरा करने के बाद आया हूं। यह नया भारत है, यह नए भारत की ताकत है।

### बीएसएफ पर गर्व, शहीद इम्तियाज को श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्र से लेकर भावनाओं तक को छूने वाली बात कही। उन्होंने कहा कि यह वीर कुंवर सिंह की धरती है। यहां के नौजवान सेना-बीएसएफ में अपनी जवानी खपा देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारी सेना के साथ ही सीमा सुरक्षा बल, यानी बीएसएफ का भी अदम्य पराक्रम और साहस देखा है। बीएसएफ देश की सीमा पर सुरक्षा की अभेद्य चट्टान हैं। मां भारती की रक्षा बीएसएफ के जवानों के लिए सर्वोपरि है। 10 मई को देश की सीमा की रक्षा करते हुए इम्तियाज शहीद हो गए थे। मैं उन्हें आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं। आज बिहार की धरती से फिर दोहराना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर में लड़ाई देश के दुश्मनों से है, चाहे वह सीमा पार हों या भीतर हों- उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# हरियाणा सचिवालय और सीएम आवास को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी भरी ईमेल मिली है। इसके बाद तत्काल प्रभाव से चंडीगढ़ पुलिस ने सचिवालय परिसर को खाली करवाया और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह धमकी एक ईमेल के माध्यम से दी गई, जिसमें साफ तौर पर मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय को निशाना बनाने की बात कही गई थी। ईमेल में फिदायीन हमले की भी बात लिखी थी। मेल मिलते ही सुरक्षा बलों ने बिना कोई देर किए पूरे परिसर को खाली करवाया और बम निरोधक दस्ते को तैनात कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया और मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा बढ़ा दी।



इससे पहले पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट को भी इसी तरह की धमकी मिल चुकी है, जिससे यह आशंका और गहरी हो गई है कि यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। पुलिस और साइबर सेल अब ईमेल की जांच कर रही हैं ताकि इसके पीछे की असल मंशा और स्रोत का पता लगाया जा सके।

# ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनी विमान पलटा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल



**सिवनी।** सिवनी जिले के सुकतरा स्थित मेस्को एरोस्पेस कंपनी की हवाई पट्टी पर शुक्रवार सुबह एक गंभीर हादसा हुआ। एक ट्रेनी विमान लैंडिंग के दौरान असंतुलित होकर फिसल गया और फिर पलट गया। यह घटना सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच की है। सौभाग्य से, हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने विमानन प्रशिक्षण संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेनी विमान रनवे पर लैंड करते समय पहले बायीं ओर झुका, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया। जिसे वहां मौजूद कुछ स्थानीय नागरिकों और स्टाफ ने अपनी आंखों से देखा।

### रेड बर्ड एविएशन की संदिग्ध प्रतिक्रिया

घटना के कुछ ही देर बाद, संबंधित ट्रेनिंग कंपनी रेड बर्ड एविएशन के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर विमान को तिरपाल से ढंक दिया। इस त्वरित कार्रवाई को स्थानीय लोगों ने एक लापरवाही को छिपाने की कोशिश के रूप में देखा। बिना किसी जांच अधिकारी की उपस्थिति में विमान को ढंकना कई सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि क्या इस हादसे को छिपाने की कोशिश की जा रही है?

### प्रशिक्षण प्रणाली पर सवाल

इस हादसे ने विमानन प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किए हैं। ट्रेनी विमान उड़ाने से पहले कई चरणों की कड़ी ट्रेनिंग और निरीक्षण आवश्यक होते हैं। लेकिन इस हादसे से पता चलता है कि या तो प्रशिक्षण में कमी थी।

# युवक का आंख में गोली लगा शव मिला, परिजन बोले- प्रेमिका के घरवालों ने मार डाला, गढ़ रोड पर हंगामा



**मेरठ।** भावनापुर थाना क्षेत्र अंतार्गत गेसूपुर रानी चौहान पुल के पास तुषार (22) पुत्र संजय कश्यप का शव मिला है। उसकी आंख में गोली लगी है, पास में ही तमंचा पड़ा था। तुषार मेडिकल थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय काजी का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की है, जबकि परिजनों ने मोहल्ले में रहने वाली लड़की के परिजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मोर्चरी पर परिजनों ने हंगामा किया। तुषार का युवती के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक साल पहले वह उसे लेकर भाग गया था, जिसका मुकदमा मेडिकल थाने में दर्ज हुआ था। इसी मुकदमे में अब मामला कोर्ट में चल रहा है। बताया गया कि बृहस्पतिवार को इस मुकदमे में कोर्ट में तारीख थी। जहां पर युवती की गवाही होनी थी। वहां पर तुषार की मुलाकात युवती से हुई थी। उसने युवती पर अपने पक्ष में गवाही देने को कहा था। यह भी बताया गया है कि वह वहां से युवती की स्कूटी और मोबाइल लेकर भाग गया था। आरोप है कि रात को लड़की पक्ष के लोगों ने तुषार के भाई कृष्ण और पिता संजय के साथ मारपीट की थी। परिजन तुषार को तलाश रहे थे, शुक्रवार सुबह उसकी गोली लगा शव मिला। मृतक की मां बबीता का आरोप है कि युवती के भाई ने गोली मारकर तुषार की हत्या की है।

# राजधानी शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में भारी बारिश, चंबा में अंधड़ से मकान की छत उड़ी

**शिमला।** मौसम विभाग के अलर्ट के बीच हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में भारी बारिश दर्ज की गई है। शिमला में सुबह से रुक-रुककर भारी बारिश जारी रही। इससे शहर में जगह-जगह सड़कों पर जलभराव हो गया। नाले उफान पर आ गए। कई जगह सड़कों व पैदल रास्तों पर मलबा जमा हो गया है। भारी बारिश के तेज हवाओं के चलते विद्यार्थियों, कर्मचारियों व अन्य लोगों को गंतत्व तक पहुंचने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा। धर्मशाला में भी सुबह भारी बारिश हुई और कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि दर्ज की गई।



### ऊना में बारिश से साथ चला अंधड, सोलन में झमाझम बरसे बादल

ऊना जिले में गुरुवार देर रात रात मौसम ने अचानक से करवट बदली है। इस दौरान जिले के कई स्थानों पर अंधड़ के साथ बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। शुक्रवार सुबह से ही जिले भर में अंधड़ चला। सोलन जिले में सुबह करीब 7:00 बजे से बारिश शुरू हुई। इससे मौसम ठंडा हो गया है। बारिश के चलते सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को आई। सुबह अभिभावकों को बच्चे बारिश में स्कूल छोड़ने पड़े। हालांकि, इससे किसानों और बागवानों को राहत मिली है। नकदी फसलों के लिए बारिश की जरूरत थी।

### चोटियों पर बर्फबारी, कुल्लू में जमकर बरसे बादल

कुल्लू। जिला कुल्लू में मौसम ने करवट लेते हुए किसानों को राहत दी है। रोहतांग दर्रा, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क व लाहौल की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी हुई है। जबकि जिला कुल्लू में भारी बारिश बारिश हुई। लाहौल के निचले इलाकों में भी बादल जमकर बरसे हैं। इससे आलू की बिजाई कर रहे किसानों के लिए संजीवनी बनी है।





### चंबा में झमाझम बारिश, सलूणी के खड़कौटा में अंधड़ से मकान की छत उड़ी

चंबा जिले में मौसम के बदले मिजाज के बाद हल्की बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान की। वहीं विकास खंड सलूणी के अधीन आने वाले खड़कौटा में दर्शन कुमार के मकान की छत अंधड़ से उड़कर खेतों में जा गिरी। गनीमत, ये रही कि मकान की छत उड़ने के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने के बाद प्रभावित परिवार ने संबंधित क्षेत्रीय पटवारी, पंचायत प्रतिनिधियों को सूचित किया।

### इतने दिन जारी रहेगी बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 31 मई और 1 जून के लिए चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। प्रदेश के कई भागों में 5 जून तक बारिश जारी रहने का पूवार्नुमान है। 30 मई से 3 जून के दौरान राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 4 और 5 जून को राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद, अगले 3-4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं। इसके बाद अगले 4-5 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# रोंगटे खड़े कर देने वाला रहा सुनील शर्मा का भाषण



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा इन दिनों एक नए अवतार में हैं। वो हिंदुत्व पर खुलकर बोल रहे हैं। वो अध्यात्म पर प्रवचन दे रहे हैं, वो सनातन संस्कृति की बात कर रहे हैं और अब सुनील शर्मा अपने नए अवतार में नए फायर ब्रांड हिंदुत्व नेता के रूप में उभर रहे हैं। वो मंच पर माइक संभालते हैं तो तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गूंज उठता है। वो विकास से ज्यादा सुरक्षा की बात पर जोर देते हैं और उदाहरण के लिये बांग्लोदश और कश्मीर गिना देते हैं। हिंदुत्व के नए फायरब्रांड वक्ता बनकर उभरे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा शुक्रवार को जब दीनदयाल उपाध्याय सभागार में अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मंच संभाला तो उनसे पहले मेयर सुनीता दयाल और क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया अपना संबोधन दे चुके थे और जैसे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आए तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को माइक मिला और फिर सुनील शर्मा ने स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले इतिहास की वैधता पर सवाल उठा दिया। उन्होंने कई योद्धाओं का नाम लिया और कहा कि इन्हें इतिहास में स्थान क्यों नहीं मिला। सबसे खास बात ये रही कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में इहिासकारों को भी कटघरे में खड़ा कर लिया।



### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा- स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है गलत इतिहास

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में पढ़ाए जा रहे इतिहास की वैधता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश के इतिहासकारों ने जो पढ़ाया उस पर फिर से विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कक्षा छह, सात और आठ में अलग इतिहास पढ़ाया जाता है और डॉक्ट्रेट में अलग इतिहास पढ़ाया जाता है। सुनील शर्मा ने कहा कि हमने किताबों वाले इतिहास में पढ़ा की भारत की खोज वास्कोडिगामा ने की और फिर उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि जब वास्कोडिगामा अपने पानी के जहाज से भारत आया तो उस समय भारत के पास उससे बड़े पानी के जहाज थे। सही बात यह है कि वास्कोडिगामा ने भारत की खोज नहीं की थी अपितु भारत की ओर आने वाले पानी के मार्ग की खोज की थी। उन्होंने कहा कि इतिहास में तीन महान बताए गए जिनमें अकबर महान, सिकंदर महान और बौद्ध धर्म अपनाने के बाद अशोक को भी महान बताया गया। जबकि इन इतिहासकारों ने अहिल्या बाई होल्कर को महान क्यों नहीं कहा।

और उन्होंने जो उदाहरण दिये उसे सुनकर हॉल में उपस्थित भाजपाइयों के रोंगटे खड़े हो गए और मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की पीठ थपथपाई।

## मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह शेखावत को भी थपथपानी पड़ी पीठ

### जब सुनील शर्मा ने कहा- दो मिनट में नहीं कही जा सकती ये बात

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एक शानदार वक्ता हैं और वो हिंदुत्व पर इन दिनों मर्यादित भाषा के साथ खुलकर बोल रहे हैं। उनकी खूबी यही है कि वो विषयों पर सारगर्भित तरीके से लंबे समय तक बोल सकते हैं। शुक्रवार को वो पूरे मूड में थे और जब उन्हें माइक मिला तो उन्होंने यहां मुख्य अतिथि से निवेदन कर कहा कि विषय महत्वपूर्ण है और दो मिनट में बात नहीं कही जा सकती। फिर उन्होंने अनुमति ली और अपना भाषण शुरू किया। जोश का अंदाज था उनके वक्तव्य पर लगातार तालियां बजती रही। अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर उन्होंने इतिहास के कई पहलुओं को खोलकर समझाया।

### पुण्य श्लोका की उपाधि है केवल अहिल्या बाई होल्कर के नाम

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने माइक संभाला और कहा कि महान आत्मा वीरांगना, धर्म मूर्ति अहिल्या बाई होल्कर ने भारत में सनातन को स्थपित करने के लिये अपना जीवन समर्पित किया। ऐसी पुण्य श्लोका अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर उनके श्रीचरणो में नमन है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर को पुण्य श्लोका की उपाधि से भारत के इतिहासकारों ने अलंकृत नहीं किया है। इतिहास लिखने वालों ने उन्हें पुण्य श्लोका नहीं कहा और वो कह भी नहीं सकते थे। उन्हें यह उपाधि हिंदु धर्म के सबसे बड़े गुरु चारों पीठों के शंकराचार्यों ने दी थी। चारों पीठ के शंकराचार्य कभी किसी विषय पर एकमत नहीं होते, लेकिन उन चारों ने अहिल्या बाई होल्कर को यह उपाधि दी। अहिल्या बाई होल्कर पहली और अंतिम पुण्य श्लोका हैं जिनो ये उपाधि मिली है। यह सम्मान हिंदू समाज में किसी दूसरे को नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हर सनातनी हर हिंदू को अहिल्या बाई होल्कर की जयंती मनानी चाहिए।

### बप्पा रावल से लेकर रामप्यारी गूर्जर का भी किया जिक्र

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मंच पर माइक संभाला और फिर इतिहास के पन्नों को खोल दिया। उन्होंने कहा कि मेवाड़ के संस्थापक बप्पा रावल थे और बताया कि रावल पिंडी इन्हीं के नाम पर स्थपित किया गया था। उन्होंने राजा दाहिर का जिक्र किया और बताया कि उन्होंने अरबों को हराया था। फिर उन्होंने अपने संबोधन में रामप्यारी गूर्जर, सम्राट मिहिर भोज, राणा कुंभा, राणा सांगा, महाराणा प्रताप का जिक्र किया।

### फिल्मों के उदाहरण से बताया इतिहास का एक पहलू

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इतिहास की परत दर परत अपने ढंग से जानकारी दी। उन्होंने जब भारत के रण योद्धा गिनाए तो हरि सिंह नलवा का नाम लिया। कहा कि ये वही हरि सिंह नलवा है जिनके डर से अफगानिस्तानी पुरुषों ने सलवार पहनना शुरू किया था क्योंकि हरि सिंह नलवा महिलाओं पर हमला नहीं करते थे। बताया कि जब हरि सिंह नलवा की मृत्यु हो गई तो भी कई वर्षों तक पंजाब के सरदारों ने उनके वस्त्रों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि शोले पिक्चर में जो डायलॉग था कि ह्यसो जा बेटा, नहीं तो गब्बर आ जाएगाह्ण, दरअसल यह डायलॉग अफगानिस्तान की महिलाएं अपने बच्चों को सुलाने के लिये करती थीं और वो ये कहती थीं कि सो जाओ नहीं तो हरि सिंह नलवा आ जाएगा। उन्होंने दीवार फिल्म के डायलॉग का उदाहरण दिया और कहा कि इतिहासकारों ने कक्षा छह, सात और आठ में मोहम्मद गोरी, रजिया सुल्तान तो बताए, लेकिन भारतीय योद्धा नहीं बताए।

### पीएम मोदी ने देश को बताया है गौरवमयी इतिहास

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गौरवमयी इतिहास का क्रेडिट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. बीआर अंबेडकर, अहिल्या बाई होल्कर, महाराणा प्रताप जैसे योद्धाओं का गौरवमयी इतिहास देश को बताया कि हमारे महापुरुष शूरवीर थे और हमारा इतिहास योद्धाओं का रहा है। हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरा क्रेडिट देते हुए कहा कि आजादी के बाद काशी विश्वनाथ के कोरिडोर का निर्माण उन्हीं के द्वारा किया गया। बनारस में अहिल्या बाई होल्कर की मूर्ति स्थापित करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और उन्होंने ही पूरे देश को बताया कि भारत का इतिहास सनातन का है। राजा राम चोलकर राजेंद्र चोल का है। जिनका शासन इंडोनेशिया, मलेशिया तक था। भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णवीर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर सनानती को गौरवमयी इतिहास बताया है।

### गांधी पर बनी फिल्म में नहीं था किसी भारतीय का रोल

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इतिहास के बाद फिर गांधी युग की तरफ प्रस्थान किया। उन्होंने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ था और 1978 में मेरे घर पर टीवी आया था। यह टीवी शाम को छह से नौ बजे तक चलता था और उसमें गांधी नहीं बल्कि लूसी और चार्ली चैपलिन आते थे। उन्होंने फिर कहा कि परिवार तो फिरोज गांधी का था मगर, उनपर भी 35 साल तक कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं बनी। फिर महात्मा गांधी पर बनाई फिल्म को लेकर उन्होंने कहा कि यह भी ऐसी फिल्म थी जिसमें कोई भारतीय नहीं था। इसके निर्देशक इंग्लैंड के रिचर्ड एटनबरो थे। लेखक अमेरिका के जॉन ब्रायली थे और इस फिल्म में महात्मा गांधी का रोल ब्रैन किंग्सले ने किया था। पूरी फिल्म में एक भी भारतीय नहीं था और यह फिल्म 1982 में बनी थी।

### मुख्य अतिथि ने छह बार लिया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का नाम

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जब मंच पर आकर माइक संभाला तो पूरा माहौल रोमांच से परिपूर्ण हो गया। वो इतिहास की नवोदित जानकारी दे रहे थे। उनके हर संबोधन पर तालियों की गड़गड़ाहट हुई। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से अनुमति लेकर उन्होंने अपना भाषण दिया था और कैबिनेट मंत्री के भाषण का जलवा तब दिखाई दिया जब मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने भाषण में एक या दो बार नहीं अपितु छह बार कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का नाम लिया।

# नाहल गांव में जुमे की नमाज पर मस्जिद रहीं सूनी

## दिनभर गलियों में छाया रहा सन्नटा

## नाहल गांव में घरों को लौट नहीं रहे हैं फरार लोग

गाजियाबाद, करंट क्राइम : बीते 5 दिनों से नाहल गांव का माहौल सुधर नहीं रहा है। यहां के खाली घर लोगों को पुकार रहे हैं लेकिन गांव से भागे लोग पुलिस से बेहद डरे हुए हैं। पुलिस की भारी मौजूदगी होने के कारण घरों को छोड़कर गायब लोग आ नहीं रहे हैं। इसका असर अब दैनिक जनजीवन पर पढ़ने लगा है। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के वक्त भी नाहल गांव में सन्नाटा पसरा रहा, मस्जिद सुनी रहीं। तो दिनभर लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुल मिलाकर बीते 5 दिनों से नाहल गांव में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की अलग-अलग टीमें और क्राइम ब्रांच के साथ ही पीएसी लगातार यहां दबिश देने का काम कर रही हैं। वहीं गौतमबुद्ध नगर फेस-03 थाने के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नरेट की टीमें, मूसरी और वेव सिटी थाना पुलिस अबतक 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमें चार बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। तो 50 से अधिक लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## कब बदलेंगे नाहल के हालात







### नमाज के समय मस्जिद रही खाली

करंट क्राइम : नाहल गांव में यूपी पुलिस के सिपाही की हत्या के बाद से माहौल बदल नहीं रहा है। गांव के लोग जहां मकान छोड़कर गायब हैं। तो बकरीद का त्योहार सर पर होने के बावजूद उनके घर वापसी नहीं हो रही है। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज होती है, पर नाहल गांव और मुख्य आरोपी गैंगस्टर कादिर के घर के आसपास की मस्जिद सुनी रही। यहां पुलिस नजर आई और सन्नाटा देखा गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे गांव में 117 से अधिक अलग-अलग अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति रहते हैं। जिनकी गिरफ्तारी और उन्हें क्रॉस चेक करने का अभियान चल रहा है। जिसके चलते यहां 200 से अधिक घरों में ताले लटके हुए हैं। तो नाहल गांव की मुख्य एवं स्थानीय दुकानें बीते 5 दिनों से बंद चल रही है। बता दें कि रविवार की रात मसूरी थानाक्षेत्र के नाहल गांव में गौतमबुद्ध नगर पुलिस की टीम गैंगस्टर कादिर को गिरफ्तार करने के लिए आई थी। इस दौरान पुलिस टीम पर पथराव किया गया और गोली मारकर सौरभ नाम के सिपाही की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से इस गांव पर पुलिस की टेढ़ी नजर बनी हुई है और लगातार दबिश व कार्रवाई का सिलसिला जारी है।

# मिजोरम के गर्वनर जनरल डॉ वीके सिंह ने की पासिंग आउट परेड की समीक्षा

## 336 कैडेटों ने कठोर सैन्य और शैक्षिक प्रशिक्षण किया पूरा





गाजियाबाद करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह देश की सेना के अध्यक्ष रहे हैं। सेना के सर्वोच्च पद पर आसीन रहे हैं और वह केन्द्र सरकार में दो बार केन्द्रीय मंत्री रहे हैं। वर्तमान में वह मिजोरम के गर्वनर हैं और गाजियाबाद से दो बार लोकसभा सांसद रहे हैं। गाजियाबाद का उनसे एक नाता है और जब जनरल वीके सिंह ने एनडीए में पास आऊट परेड का निरीक्षण किया तो यह एक गौरवमयी पल था।

पासिंग आउट कोर्स से 336 सहित कुल 1341 कैडेटों में प्रतिष्ठित पासिंग आउट परेड में भाग लिया। महाराष्ट्र के खडग वास्ला में खेतरपाल परेड ग्राउंड में आयोजित परेड में



मिजोरम के राज्यपाल जनरल डॉ वीके सिंह ने समीक्षा अधिकारी के रूप में इस कार्यक्रम में भाग लिया। ये पल गाजियाबाद के लिए भी गौरवमयी पल था कि दो बार यहां से लोकसभा सांसद रहे जनरल वीके सिंह सेना की सबसे प्रतिष्ठित अकेडमी के पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि थे। राष्ट निर्माण की दिशा में एनडीए के ऐतिहासिक उपलब्धि यह रही है कि पहली बार 17 महिला कैडेट्स ने भी पासिंग आउट परेड में भाग लिया। समारोह का समापन भव्य फ्लाईकास्ट के साथ हुआ।

### आज मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह रहेंगे गाजियाबाद में

करंट क्राइम। भारतीय सेना के पूर्व अध्यक्ष जनरल वीके सिंह अब मिजोरम के राज्यपाल हैं। जनरल वीके सिहं आज गाजियाबाद में अपने राजनगर स्थित आवास पर रहेंगे। गौरतलब है कि उनका जन्मदिन 10 मई को होता है। उन्हें 10 मई को गाजियाबाद में आना था लेकिन भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात होने के बाद उन्होंने अपना जन्मदिन कार्यक्रम स्थगित कर दिया था। 10 मई के बाद वीके सिंह आज गाजियाबाद आ रहे हैं। वो अपने राजनगर स्थित आवास पर लोगों से मुलाकात करेंगे।

# 14 पर पुलिस कमिश्नरेट में हुई गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई, किया गया जिला बदर

## गंभीर अपराध मामलों के थे सभी आरोपी

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में न्यायालय लगाते हुए पुलिस आयुक्त अतिरिक्त द्वारा कोर्ट लगाकर गंभीर अपराध करने वाले 14 अभियुक्तों को गुंडा घोषित करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। साथ ही कुल 23 विपक्षी व्यक्तियों को 6 महीने के लिए जिले से बाहर रहना होगा और साथ विपक्षी अभियुक्तों को स्थानीय थाने में हाजिरी भी देनी होगी। जिन 14 लोगों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उसमें सिटी,



नदिया पार व देहात के थानों के आरोपी हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी का कहना है कि इन सभी आरोपियों पर बीट पुलिसिंग से संबंधित पुलिसकर्मी निगरानी भी रखने का काम करेंगे।

### इन 14 पर की गई है गुंडा में कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत जुबेर निवासी लोनी, सोहेब निवासी मुरादनगर, प्रिंस यादव निवासी क्रॉसिंग रिपब्लिक, अकबर उर्फ गब्बर निवासी ट्रोनिका सिटी, जाहिर निवासी टीलामोड़, नासिर निवासी ट्रोनिका सिटी, फुरकान उर्फ नन्हे शालीमार गार्डन, लोकेश कसाना उर्फ हिमांशु टीलामोड़, मोहित कसाना उर्फ मुन्न टीलामोड़, विकास उर्फ लाला नंदग्राम, साहिल टीलामोड़, चेतन चौधरी थाना मोदीनगर, फैयाज लोनी और प्रिंस गुप्ता थाना नंदग्राम पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए 6 महीने के लिए जिला बदर किया गया है। साथ ही इन सभी पर निगरानी भी रखने का काम बीट पुलिसिंग के कर्मचारी करेंगे।

# जब मंडल अध्यक्ष हुए नाराज तो आई ये आवाज

## फिर तो विधायक अजीतपाल त्यागी को भी हो जाना चाहिए था नाराज








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इन दिनों भाजपा में लगातार आयाम चल रहे हैं और भाजपा अपने इन आयामों के साथ 2027 के चुनाव की तैयारी में जुट गई है। बड़ी बात ये है कि उसने अपने संगठन की व्यूह रचना में परिवर्तन किया है। उसके बूथ अध्यक्षों से लेकर मंडल अध्यक्ष तक नए चेहरे आ गए हैं। भाजपा कार्यकर्ता फौज को लेकर आगे बढ़ रही है और यही वजह है कि अहिल्या बाई होल्कर जन्म शताब्दी समारोह में मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है। 20 मंडल महानगर में आते हैं और इन सभी में कार्यक्रम चल रहे हैं, लेकिन मंच वाले बैकड्रॉप पर अपना फोटो ना होने से नाराजगी का आगाज मुरादनगर शहर मंडल में हुआ। यहां पर मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल इस बात पर नाराज हो गए कि हमारा फोटो क्यों नहीं है। अब कहा ये गया कि इसका फॉर्मेट ऊपर से आया है और ऐसा नहीं है कि किसी इंटेंशन के तहत ऐसा हुआ है। हालांकि भाजपा में ही ये बात भी चली कि मंडल अध्यक्ष स्थानीय स्तर पर पार्टी का प्रतिनिधित्व करता है और यदि स्थानीय कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जैसे कार्यकर्ता की भूमिका को थोड़ा महत्व दिया जाता है तो इससे मनोबल बढ़ता है। बहरहाल मुरादनगर शहर मंडल के अध्यक्ष राहुल गोयल नाराज हो गए। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व से शिकायत करने की बात कही। प्रोटोकॉल वाला सवाल उठा दिया और मंडल अध्यक्ष की नाराजगी के बाद मुरादनगर विधानसभा में भी ही ब्लॉक वाला कार्यक्रम सामने आया और मंडल अध्यक्ष की नाराजगी वाले एपिसोड के बाद किसी ने कहा कि फिर तो मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीतपाल त्यागी को भी नाराज हो जाना चाहिए था। मुरादनगर में आयोजित हुए अहिल्या बाई होल्कर कार्यक्रम में विकास खण्ड रजापुर में आयोजित ब्लॉक महिला सम्मेलन की ये तस्वीर है। ये आयोजन 29 मई को आयोजित हुआ और इसमें विधायक अजीतपाल त्यागी का फोटो नहीं है। इसमें ब्लॉक प्रमुख मोनिका चौधरी की फोटो है, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की फोटो है, अनीता शर्मा की फोटो है। कहने वालों ने यही कहा कि जो लोग एक फोटो ना होने से नाराज हो रहे हैं उन्हें यहां विधायक अजीतपाल त्यागी से सीखना चाहिए। उनका भी फोटो बैकड्रॉप में नहीं है, लेकिन वो नाराज नहीं हुए, वो भी कार्यक्रम में पहुंचे। कहने वालों ने कहा कि मंडल अध्यक्ष को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। अगर, केवल फोटो ना होने की नाराजगी है तो उन्हें यह समझना चाहिए कि 20 मंडल अध्यक्ष हैं और अगर तुम्हारी नाराजगी अलग कर दी जाए तो यहां 19 मंडल अध्यक्ष भी तो इसी फॉर्मेट पर चल रहे हैं और वो नाराज नहीं हो रहे हैं।

### अगर यही है किस्सा तो फिर बोबी त्यागी को भी हो जाना चाहिए गुस्सा

करंट क्राइम। मंडल अध्यक्ष नाराज हुए और ऐसा नाराज हुए कि वो अपनी नाराजगी लेकर फेसबुक और व्हॉटस एप ग्रुप पर आ गए। शीर्ष नेतृत्व से शिकायत करने की बात कहने लगे। उन्हें ये मान सम्मान से जुड़ा मामला लगा। किस्सा भाजपा के भीतर गूंज रहा है और अब भाजपा के भीतर ही ये भी किस्सा चला कि अगर, फोटो ना दिखने पर नाराजगी है तो फिर अहिल्या बाई होल्कर त्री शताब्दी स्मृति समारोह के संयोजक बोबी त्यागी को भी गुस्सा होना चाहिए। रजापुर वाले ब्लॉक में उनका भी फोटो नहीं है। लिहाजा संयोजक होने के नाते उनका भी नाराज होना बनता है, लेकिन मंडल अध्यक्ष को यहां अपना गुस्सा कम करना चाहिए और यह एक सीखने की चीज है कि फोटो ना होने से विधायक नाराज नहीं हुए और फोटो ना होने से कार्यक्रम के संयोजक भी नाराज नहीं हुए।

## संपादकीय

# मणिपुर में शांति बहाली का प्रयास जारी

मणिपुर में लंबे समय से शांति बहाली के प्रयास चल रहे हैं। वहां करीब दो वर्ष पहले मैतेई और कुकी समुदायों के बीच टकराव की शुरूआत के बाद हालात इस कदर बिगड़ गए कि उसे संभाल पाना राज्य की तत्कालीन सरकार के लिए संभव नहीं हुआ और इसी वजह से पूर्व मुख्यमंत्री एस बीरेन सिंह को आखिर इस्तीफा देना पड़ा। पिछले तीन महीने से वहां राष्ट्रपति शासन लागू है। यों हिंसा और संघर्ष पर काबू पाने में नाकामी की वजह से पहले से ही वहां राष्ट्रपति शासन की मांग हो रही थी। विडंबना यह है कि आज भी मैतेई और कुकी समुदायों के बीच टकराव को खत्म करना और सर्वसम्मति से समाधान तक पहुंचना मुमकिन नहीं हो सका है। ऐसे में यह सवाल लाजिमी है कि वहां नई सरकार के गठन के लिए जो कवायद शुरू हुई है और किन्हीं हालात में यह संभव हो पाता है, तो क्या इससे मणिपुर की मौजूदा समस्या का कोई ठोस हल निकल सकेगा और क्या वहां हिंसा और टकराव का दौर खत्म हो पाएगा।

दस विधायकों ने राज्यपाल से की मुलाकात गौरतलब है कि मणिपुर में राजग के दस विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात कर चौवालीस विधायकों के समर्थन का हवाला देते हुए सरकार गठन की मांग की है। विधायकों के इस समूह ने सरकार गठन को जनता की इच्छा बताया। लेकिन अगर इन विधायकों के साथ कुकी समुदाय के दस विधायक नहीं हैं, तो ऐसे में इस समूह के पास राज्य की सबसे मुख्य समस्या से पार पाने के लिए क्या योजना और दृष्टि है। राज्य में नई सरकार बनाने के पक्ष में भाजपा सहित राजग के कई विधायक जरूर हैं, लेकिन भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व अब भी सरकार के बनाने के दावों को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। वहीं केंद्र सरकार की ओर से मणिपुर में निकट भविष्य में राष्ट्रपति शासन नहीं हटाने की भी खबर आई है। ऐसे में नई सरकार के गठन की मांग के धरातल पर उतरने की उम्मीद फिलहाल आगे की बात लगती है। इसके बावजूद यह सच है कि मणिपुर में शांति बहाली और सामुदायिक टकराव के कारणों को दूर कर दूरगामी हल निकलना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए ही संभव है। हालांकि मणिपुर में नई सरकार के गठन को लेकर चाहे जो भी कोशिशें चल रही हों, लेकिन फिलहाल सबसे जरूरी यह है कि वहां आम जनजीवन जिस अस्थिरता और आए दिन हिंसक सामुदायिक टकराव से दो-चार है, उसका कोई ठोस समाधान निकाला जाए। मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के सवाल पर दो वर्ष पहले जिस हिंसा की शुरूआत हुई थी, उसमें अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। आज भी आए दिन गोलीबारी या हिंसक घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। हैरानी की बात यह है कि राज्य से लेकर केंद्र सरकार के तमाम प्रयासों और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के दखल के बावजूद कोई सार्थक नतीजा नहीं निकला। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच ऐसी खाई बन गई है, जिसे पाटे बिना किसी दीर्घकालिक हल तक नहीं पहुंचा जा सकता।

# 2047 तक पांच गुना बढ़कर 32 लाख करोड़ पर पहुंच जाएगा भारत का रक्षा बजट

## रिपोर्ट में जताया गया अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा उत्पादन में भी जोरदार वृद्धि होने की उम्मीद है। 2024-25 में 1.6 लाख करोड़ रुपये की तुलना में इसके 2047 तक 8.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। 2047 तक देश का कुल रक्षा बजट भी वर्तमान की तुलना में पांच गुना तक बढ़ सकता है। भारत के रक्षा क्षेत्र में आने वाले वर्षों में बड़ा बदलाव दिख सकता है। वर्ष 2047 तक देश का रक्षा बजट 31.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ और केपीएमजी की एक साझा रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के भारत के 6.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को देखते हुए यह एक महत्पूर्ण वृद्धि होगी और इसमें अगले दो दशकों में करीब पांच गुना का उछाल आ सकता है। रिपोर्ट में अनुसार, भारत के रक्षा उत्पादन में भी जोरदार वृद्धि होने की उम्मीद है।



### आरएंडडी पर खर्च 4 फीसदी से बढ़कर 10 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान

रिपोर्ट के अनुसार रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर भारत का खर्च भी बढ़ेगा। इसके वर्तमान के 4 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। रक्षा पर खर्च किए जाने वाला खर्च सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत 2 प्रतिशत से बढ़कर 2047 तक 4-5 प्रतिशत पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा व्यय के मामले में भारत की वैश्विक स्थिति में भी सुधार होने की संभावना है। इस मामले में भारत वर्तमान में चौथे स्थान पर है। 2047 तक रक्षा खर्च के मामले में हम तीसरे स्थान पर पहुंच सकते हैं।


2024-25 में 1.6 लाख करोड़ रुपये की तुलना में इसके 2047 तक 8.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। देश अपने रक्षा निर्यात का विस्तार करने के लक्ष्य पर भी काम कर रहा रहा है। इसके वर्तमान 30,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 2.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।

### रक्षा रणनीतियों का मुख्य फोकस कैपेक्स बढ़ाने पर

भारत की आगामी रक्षा रणनीतियों का मुख्य फोकस इसमें पूंजीगत व्यय की हिस्सेदारी को बढ़ाना है। रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 यह कुल बजट का 27 प्रतिशत है, जिसके 2047 तक बढ़कर 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। यह वृद्धि बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और हथियार प्रणालियों में अधिक निवेश के संकेत देते हैं।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में लगातार स्थिति मजबूत कर रहा भारत

## चीन को चुनौती देने वाला एकमात्र देश



**नई दिल्ली।** फैबलेस चिप बनाने वाली कंपनी थर्ड आईटेक की सीईओ वृंदा कपूर ने कहा, दशकों से वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों ने भारत में बड़े अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित किए हैं। इस कारण बनी इस अद्वितीय बढ़त ने देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षमता में, खासकर रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने की स्थिति में रखा है। रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में 2030 तक चीन की हिस्सेदारी 65 फीसदी रहने की संभावना है।

भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। कुशल कार्यबल के साथ भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जो सेमीकंडक्टर उद्योग में चीन के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है। खास बात है कि दुनिया की कुल सेमीकंडक्टर डिजाइन प्रतिभा का 20 फीसदी तीन भारतीय शहरों बंगलूरू, हैदराबाद और पुणे में स्थित है। क्वालकॉम का 5जी चिप 100 फीसदी भारत में डिजाइन किया गया था।

फैबलेस चिप बनाने वाली कंपनी थर्ड आईटेक की सीईओ वृंदा कपूर ने कहा, दशकों से वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों ने भारत में बड़े अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित किए हैं। इस कारण बनी इस अद्वितीय बढ़त ने देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षमता में, खासकर रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने की स्थिति में रखा है। रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में 2030 तक चीन की हिस्सेदारी 65 फीसदी रहने की संभावना है।

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 में कपूर ने कहा, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखलाओं में चीन के तेजी से विस्तार (2004 से 600 फीसदी वृद्धि) के बावजूद भारत के कुशल इंजीनियरों और डिजाइनरों का विशाल पूल महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी बढ़त रखता है।

### एआई बदलाव लाने में सक्षम, तैयार रहें उद्योग: वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीआईआई के कार्यक्रम में कहा, आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक वास्तविकता है और यह लंबे समय तक बनी रहने वाली है। एआई से समाज और विभिन्न उद्योगों में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने में सक्षम है। हर उद्योग को इन बदलावों के लिए तैयार रहने और उनके अनुकूल होने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अतीत में जिस तरह इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक्स ने समाज की दिशा को बदला है, कुछ उसी तरह एआई भी बहुत बड़ा बदलाव लेकर आएगा।

# मलयेशिया फंड घोटाले में गोल्डमैन सैश के पूर्व बैंकर को दो साल की जेल

## न्यूयॉर्क की अदालत ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैश के एक पूर्व बैंकर टिम लीसनर को मलयेशिया के सरकारी निवेश कोष (फंड) में 4.5 अरब डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में शामिल होने के आरोप में दो साल की जेल की सजा सुनाई गई। लीसन को न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन की संघीय अदालत ने सजा सुनाई। उन्होंने अदालत में मलयेशिया की जनता माफी मांगी और कहा कि इस घाटोले के असली पीड़ित मलयेशियाई लोग हैं।

लीसनर ने अदालत में अपने बयान को पढ़ते हुए कहा, जो पैसे दस साल पहले से जुटाए गए थे, वे देश और उसके नागरिकों के बहुत काम आ सकते थे। लेकिन मेरे और मेरे साथ शामिल बाकी लोगों के लालच की वजह से इन पैसों का गलत इस्तेमाल किया गया। अभियोजकों ने कहा कि लीसनर और गोल्डमैन सैश के अन्य बैंकरों ने मलयेशिया के सरकारी निवेश फंड 1एमबीडीकी मदद से बॉन्ड बेचकर 6.5 अरब डॉलर जुटाए। लेकिन इनमें से 4.5 अरब डॉलर से ज्यादा चुरा लिए गए और उन्हें रिश्वत और कमीशन के जरिए इधर-उधर घुमाया गया। चुराए गए पैसों का इस्तेमाल शानदार पार्टियों, महंगे जेवरात, आर्टवर्क और लग्जरी प्रॉपर्टी की खरीदारी में किया गया।



इन पैसों का इस्तेमाल 2013 की मार्टिन स्कॉर्सेज की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' की फंडिंग में भी किया गया था, जिसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह घोटाला इतना बड़ा था कि 2018 में मलयेशिया के प्रधानमंत्री नजीब रजाक की सरकार भी गिर गई थी। बाद में मलयेशिया की अदालत ने नजीब को सत्ता के दुरुपयोग और घोटाले से जुड़े अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया और 12 साल की जेल की सजा सुनाई। लीसनर ने अदालत में कहा, हमने जो कुछ किया वह बिल्कुल गलत था। मैं इसमें अपनी भूमिका की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। मुझे अपने किए पर गहरा पछतावा है और अगर समय को पीछे ले जा सकता, तो मैं बिना किसी हिचक के अपने सारे गलत काम वापस ले लेता। लीसनर ने 2018 में कबूल किया था कि उसने मलयेशिया और अबू धाबी के सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी थी। वह इस मामले में सरकारी पक्ष के अहम गवाह बने थे, जिससे उनके साथी और पूर्व गोल्डमैन सैश बैंकर रोजर एनजी को 2023 में 10 साल की संघीय जेल की सजा हुई।

## रोचक तथ्यों का करंट



- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

# शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद, सेंसेक्स 182 अंक टूटा निफ्टी 24800 से नीचे आया

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.01 अंक या 0.22 प्रतिशत गिरकर 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 82.90 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 पर आ गया। आइए जानते हैं। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 182 अंक की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.01 अंक या 0.22 प्रतिशत गिरकर 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 82.90 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 पर आ गया।



## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

संता- मेरे दादा जी इतने अमीर, और भुलक्कड़ थे कि लाठी बिस्तर पे रख के खुद कोने में सो जाते थे।
बंता- अबे ये तो कुछ भी नही।
संता - कैसे?
बंता- मेरे दादा जी इतने अमीर, और भुलक्कड़ थे की पान चबा कर बिस्तर पे थूक देते और खुद खिड़की से नीचे कूद जाते थे।

संता- अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
संता- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं!

संता ने पूछा बंता से- बंता भईया जिसको सुनाई नहीं देता, उसको क्या कहते हैं?
बंता बोला - कुछ भी कह लो भईया जब उसे सुनाई ही नहीं देता।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 31 05 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



शोभा धुलीपल्ला
मॉडल



राकेश त्यागी



रोहन कपूर



मुनिश्वर शर्मा



सुनील



आकाश जैन



अनुज शर्मा



रजत चौधरी



विशाल



अजय शर्मा



अंशु शर्मा



गोपाल गुप्ता



विवेक पहलवान



अजय शुक्ला



अखिलेश यादव



मुकेश शर्मा



शिव कुमार सैनी



संजय शर्मा



सुशील चाणक



संजीव शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 'पदक के बजाय समय पर ध्यान देना महत्वपूर्ण था', स्वर्ण जीतने के बाद बोलीं ज्योति





## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत की फर्राटा धाविका ज्योति याराजी ने स्वीकार किया कि वह 100 मीटर बाधा दौड़ में अपना खिताब बचाने के लिए तनाव में थीं, लेकिन पदक के बजाय समय पर ध्यान देने से उन्हें शांत रहने में मदद मिली। उन्होंने गुरुवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

आंध्र प्रदेश की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने 12.96 सेकंड का समय निकाला जो प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था।

एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991, 1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी।

ज्योति ने बाद में कहा, 'निश्चित तौर पर मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना था, लेकिन मैंने टाइमिंग पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि जब आप पदक पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप दबाव महसूस करते हैं। इसलिए मैंने समय के बारे में सोचते हुए इसे सकारात्मक पक्ष में बदल दिया और यह वास्तव में काम आया।'

ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 12.78 सेकंड है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो यहां एक और खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मैं अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर थोड़ा तनाव में थी।'

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में गुकेश ने कारुआना के खिलाफ रोमांचक मैच जीता, एरिगैसी कार्लसन से हारे




**नई दिल्ली।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के ओपन वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आमार्गेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की लेकिन अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा।

### कारुआना के खिलाफ मजबूत स्थिति में दिखे गुकेश

विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना गुरुवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाले भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए आमार्गेडन टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया।

सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें आमार्गेडन में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं।

क्लासिकल मुकाबले में मुश्किल स्थिति से बाहर आने के महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात देते हुए 1.5 अंक हासिल किए। क्लासिकल प्रारूप में जीत से खिलाड़ियों को इस डबल-राउंड रॉबिन प्रारूप टूर्नामेंट में तीन अंक मिलते हैं, जबकि ड्रॉ से उन्हें एक-एक अंक मिलता है। खिलाड़ियों को हालांकि जीत हासिल करने के लिए आर्मगेडन टाई-ब्रेक खेलना होता है, जिसके विजेता को आधा अंक मिलता है। विश्व के नंबर एक कार्लसन ने काले मोहरों से खेलते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में अपनी रणनीतिक श्रेष्ठता दिखाई और पूरे तीन पूर्ण अंक अर्जित किए। पिछले दो चरण में दो बार आमार्गेडन गेम हारने वाले नॉर्वे के सुपरस्टार ने घरेलू दर्शकों के सामने इस जीत के साथ दमदार वापसी की। पिछले दौर में कारुआना से हारने के बाद एरिगैसी के लिए यह दो दिनों में दूसरा झटका था।

महिला वर्ग में एक रोमांच से भरे दिन में भारत की आर. वैशाली ने आमार्गेडन टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को मात देकर महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित किया, जबकि विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों खिलाड़ियों के नाम सात-सात अंक है। वैशाली 3.5 अंकों के साथ छठे स्थान है।

### गुकेश ने पिछले मैच में नाकामुरा को हराया था

पिछले मुकाबले में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नाकामुरा के खिलाफ क्लासिकल दौर में शानदार जीत के बाद गुकेश ने दबाव में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया। गुकेश ने बाद में कहा कि वह अपने जन्मदिन पर खेलना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन इस मनोबल बढ़ाने वाली जीत को खुशी से स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं अपने अधिकांश जन्मदिन पर मुकाबला हार जाता हूं, इसलिए मुझे खुशी है कि क्लासिकल में ऐसा नहीं हुआ। जब मैं खेल रहा था तो मुझे अच्छा लग रहा था कि मैं पिछड़ रहा हूं, लेकिन मैंने खुद से कहा कि फिर से ऐसा नहीं होना चाहिए।'

# फुटबॉल स्टार माराडोना की मौत मामले में नया मोड़ अर्जेंटीना की अदालत ने सुनवाई को बताया गलत



**अर्जेंटीना।** फुटबॉल स्टार डिएगो माराडोना की मौत मामले में नया मोड़ आया है। अर्जेंटीना की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को माराडोना की मौत मामले में चल रही सुनवाई को गलत बताया और उसे फिर से शुरू करने का फैसला किया। इस मामले में सात स्वास्थ्य पेशेवरों और मेडिकल स्टाफ पर माराडोना की मौत को लेकर लापरवाही का आरोप है।

यह फैसला तब आया जब मुकदमे की निगरानी कर रहे तीन जजों में से एक जूलियट मैकिन्टैच ने खुद को एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म में शामिल दिखाए जाने के कारण केस से हटने का फैसला किया। डॉक्यूमेंट्री का नाम 'डिवाइन जस्टिस' है। इसमें मैकिन्टैच को मुख्य किरदार के तौर पर दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री में उनकी भागीदारी को लेकर उन पर पक्षपात के आरोप लगे, जिसके चलते उन्होंने पद छोड़ दिया।

मैकिन्टैच के पद छोड़ने के बाद अदालत को तय करना था कि उनके स्थान पर एक नया न्यायाधीश नियुक्त किया जाए या पूरे मामले की नए सिरे से सुनवाई हो। बृहस्पतिवार को न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि पूरा केस नए सिरे से सुना जाएगा। अदालत के इस फैसले के बाद उस कार्यवाही पर प्रभावी रूप से रोक लग गई, जिसमें माराडोना की मेडिकल टीम पर उनके अंतिम दिनों में पर्याप्त देखभाल प्रधान करने में विफल रहने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, न्यायाधीशों ने यह नहीं बताया कि नया मुकदमा कब शुरू होगा। 1986 में अर्जेंटीना को विश्व कप का खिताब दिलाने वाले माराडोना की खोपड़ी और मस्तिष्क के बीच बने हेमटोमा की सर्जरी हुई थी यानी दिमाग में खून का थक्का जमा होने की वजह से उनकी सर्जरी हुई थी। वह चार से 11 नवंबर के बीच ओलिवोस में गहन देखभाल में रहे। इसके बाद अचानक से उन्हें अस्पताल से रिलीज किया गया और एक निजी घर में रिहैब के लिए भेज दिया गया।

### उनके पास इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था: मैकिन्टैच

जूलियट मैकिन्टैच ने कहा कि उनके पास मंगलवार को मामले से इस्तीफा देने के अलावा 'कोई विकल्प नहीं' था। अभियोजक ने एक डॉक्यूमेंट्री-डिवाइन जस्टिस का टीजर-ट्रेलर दिखाया, जो 60 वर्ष की आयु में माराडोना की मृत्यु के बाद की घटनाओं को दर्शाता है। इस डॉक्यूमेंट्री में स्पष्ट रूप से मैकिन्टैच को मुख्य भूमिका में दिखाया गया है।

# हिमाचल : अक्षय ने अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग में जीता गोल्ड, कजाकिस्तान में हुई प्रतियोगिता



**कजाकिस्तान।** कजाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में चंबा के अक्षय कुमार ने जूनियर वर्ग में पहला स्थान और ओवरऑल वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 23 देशों के सैकड़ों पैराग्लाइडर पायलटों ने हिस्सा लिया। अक्षय ने हवा में ऐसे रोमांचक करतब दिखाए कि दर्शक तालियां बजाते रह गए।

### लंबे समय से कर रहे थे कड़ी मेहनत

अक्षय ने बताया कि वह लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। जैसे ही उन्हें कजाकिस्तान में भाग लेने का मौका मिला, उन्होंने पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ भाग लिया। उन्होंने खुशी जाहिर की कि उनके प्रदर्शन से देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल चंबा, बल्कि पूरे हिमाचल और भारत के लिए गर्व की बात है।

### लौटने पर होगा भव्य स्वागत: खज्जियार पैराग्लाइडिंग

एसोसिएशन की ओर से उनके खज्जियार लौटने पर भव्य स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।आईटीआई पपलोग में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दिखाया दमलंबी कूद में सिरमौर के रोहित विजेता आईटीआई पपलोग में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लंबीकूद में सिरमौर के रोहित कुमार ने 18 फीट जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया। आईटीआई चंबा के वरुण कपूर 17 फीट 17 इंच जंप के साथ दूसरे और ऊना आईटीआई के बरिंद्र सिंह 17 फीट की लंबी कूद के साथ तीसरे स्थान पर रहे।ट्रिपल जंप में सिरमौर के रोहित कुमार 11.25 मीटर जंप के साथ पहले, ऊना आईटीआई के बरिंद्र सिंह 10.50 मीटर जंप के साथ दूसरे और हमीरपुर के वरुण 10 मीटर जंप के साथ तीसरे स्थान पर रहे। शॉटपुट में आईटीआई हमीरपुर के वरुण और कांगड़ा के राहुल चौहान क्रमशः 28 फीट की बराबरी के साथ पहले स्थान पर रहे। सिरमौर के मानस चौहान 27 फीट की शॉटपुट के साथ दूसरे और सिरमौर के रितुराज 26.9 फीट की शॉट पुट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। ऊंचीकूद में कांगड़ा के अंकुश पहले, बिलासपुर के सचिन कुमार दूसरे और कांगड़ा के नीरज तीसरे स्थान पर रहे।

# सात्विक-चिराग ने विश्व की नंबर एक जोड़ी को हराया, सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक मलयेशियाई जोड़ी गोह जि फेई और नूर इजुद्दीन को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन अपने पहले खिताब की तलाश में उतरी है। सात्विक-चिराग की जोड़ी मार्च में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन में खेलने के बाद से पहली बार किसी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

सात्विक-चिराग की जोड़ी का सामना अब तीसरी वरीयता प्राप्त मलयेशिया की आरोन चिया और सोह वूई यिक से होगा। चिराग ने कहा, हां यह काफी बड़ी जीत है क्योंकि फिलहाल हम 27वें नबर पर हैं। पिछले साल जब हम सिंगापुर में खेले थे तो हम विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर थे। इसलिए यह अच्छा अहसास है कि हमने गोह-इजुद्दीन को हराया। हम इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में मलयेशिया की इस जोड़ी से हार गए थे, इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण जीत है।

सात्विक ने कहा, पिछले कुछ दिनों से हम जैसा खेल रहे हैं उससे काफी खुश हूं और अब अगले मुकाबले के लिए उत्सुक हूं। हमने उनके खिलाड़ी कई बार खेला है। हम इंडिया ओपन में उनके खिलाफ चुनौती पेश नहीं कर सके थे, लेकिन इस बार हम पूरी तैयारी के साथ आए थे। हमने अपने प्रतिद्वंद्वी की तुलना में अपनी रणनीति पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया। सात्विक और चिराग की पूर्व नंबर एक जोड़ी का इससे पहले मलयेशिया की जोड़ी के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 6-2 था। गोह और नूर की जोड़ी ने हालांकि दोनों जोड़ियों के पिछले मुकाबले में सात्विक और चिराग को हराया था। मैच की शुरूआत से दोनों जोड़ियां एक-दूसरे पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रही थी जिससे शुरूआती गेम में स्कोर 7-7 की बराबरी पर था। सात्विक की शानदार सर्विस से ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी ने तीन अंक की बढ़त कायम कर ली। भारतीय जोड़ी ने दबाव बनाए रखते हुए 15-11 की बढ़त कायम की। मलयेशिया की जोड़ी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन सात्विक के बेहद दमदार स्मैश का उनके पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और गोह सर्विस के रिटर्न शॉट को नेट पर खेल बैठे।

पहला गेम जीतने के बाद चिराग ने दूसरे गेम की शुरूआत में कुछ गलतियां की लेकिन भारतीय जोड़ी ने 6-6 के स्कोर के साथ प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार चार अंक हासिल किये 11-7 की बढ़त कायम की।

### इस सीजन के तीसरे सेमीफाइनल में पहुंचे

सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलयेशियाई जोड़ी को 21-17, 21-15 से हराया। यह इस भारतीय जोड़ी का इस सीजन तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले सात्विक-चिराग की जोड़ी मलयेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचने में सफल रही थी। मालूम हो कि सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चिराग की चोट के कारण समाप्त हो गया था। उस वक्त इस जोड़ी को दूसरे दौर में हटना पड़ा था।

## रिकॉर्ड के साथ गुलवीर ने जीता दूसरा स्वर्ण

# पूजा ने ऊंची कूद में लहराया परचम; पारुल को रजत



**नई दिल्ली।** भारतीय एथलीट गुलवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने पुरुष 5000 मीटर फाइनल में एक दशक पुराना टूर्नामेंट का रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत को पूजा ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के साथ बड़ी सफलता दिलाई। इस 18 साल की खिलाड़ी ने अपने अंतिम से पहले प्रयास में 1.89 मीटर की छलांग के साथ उज्बेकिस्तान की सफीना सादुल्लाएवा (1.86 मीटर) को पछाड़ा।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने 13:24.77 सेकेंड का समय लिया और स्वर्ण जीता। उन्होंने थाईलैंड के कीरेन तुंटिवेट को पछाड़ा जिन्होंने 13:24.97 सेकेंड का समय लिया, जबकि जापान के नागिया मोरी 13:25.06 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस टूर्नामेंट में इस स्पर्धा का पिछला रिकॉर्ड कतर के मोहम्मद अल गार्नी के नाम था जिन्होंने 2015 सीजन में 13:34.47 सेकेंड का समय लिया था। गुलवीर के लिए यह जीत दोहरी खुशी जैसी है क्योंकि उन्होंने इस टूर्नामेंट के शुरूआती दिन 10000 मीटर में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। गुलवीर ने 10000 मीटर में 28:38.63 सेकेंड का समय लिया था। गुलवीर इस प्रदर्शन के दम पर उन भारतीय एथलीटों की एलीट सूची में शामिल हो गया है जिन्होंने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुष 5000 मीटर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। उनसे पहले गोपाल सैनी (1981), बहादुर प्रसाद (1993) और जी. लक्ष्मण (2017) ऐसा कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश से आने वाले 26 वर्षीय गुलवीर ने 2023 सीजन में कांस्य पदक जीता था।

### स्वर्ण का बचाव नहीं कर सकीं पारुल

महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में हालांकि, निराशा हाथ लगी और गत चैंपियन पारुल चौधरी अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सकीं। पारुल ने 9:12.46 सेकेंड का समय लिया और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पारुल को कजाखस्तान की नोरा जेरुतु तानुई ने हराया जिन्होंने 9:10.46 सेकेंड का समय लिया। कजाखस्तान की डेजी जेपकेमेई ने 9:27.51 सेकेंड के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में अब भारत के पदकों की संख्या 17 (सात स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य) हो गई है।

# बजरंग पूनिया ने मांगी कोच नरेश दहिया से माफी, की थी आपत्तिजनक टिप्पणी



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कुश्ती कोच नरेश दहिया की छवि धूमिल करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी है।टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के साथ मिलकर बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था जिसमें उन पर कई जूनियर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था।

बजरंग ने 10 मई 2023 को जंतर मंतर पर धरने के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि नरेश दहिया खुद बलात्कार के आरोपी हैं इसलिए उन्हें उनके विरोध प्रदर्शन पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। इसके बाद दहिया ने बजरंग को अदालत में घसीटकर मानहानि का मुकदमा दायर किया था। बजरंग को अदालत ने समन जारी किया था और उन्हें चौथी सुनवाई में जमानत भी दे दी थी। बजरंग ने 17 मई को कोच से माफी मांगी और अपने किए पर खेद जताया।

### बजरंग ने मांगी माफी

बजरंग ने अपने माफीनामे में कहा, 'मैं जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के समय हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कोच नरेश दहिया के खिलाफ दिए गए गलत और असंवेदनशील बयान के लिए बिना शर्त माफी मांगता हूं।' मैं कोच नरेश दहिया की छवि को हुए नुकसान और उनके खिलाफ मेरे गलत और असंवेदनशील बयान के कारण उनके प्रियजनों को हुए दर्द और पीड़ा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता हूं। वह एक प्रतिष्ठित कोच हैं और उन्होंने देश को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। मैं एक बार फिर खेद व्यक्त करते हुए उनसे और उनके प्रियजनों से दिल से माफी मांगता हूं।' दहिया का पुरुष पहलवानों के लिए दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में छोटू राम व्यायामशाला के नाम का अखाड़ा (ट्रेनिंग सेंटर) हैं। वह राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता विनोद (55 किग्रा) और रमेश गुलिया (74 किग्रा) जैसे पहलवानों को कोचिंग दे चुके हैं। दहिया ने कहा, 'विरोध प्रदर्शन से दो-चार महीने पहले ये पहलवान डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की प्रशंसा कर रहे थे। फिर अचानक मेरे खिलाफ एक अनजान व्यक्ति ने यह आरोप लगाया और बजरंग ने अपने संबोधन में इसका जिक्र किया।

# क्या चोटिल हैं जोकोविच ? मेडिकल टाइम आउट के सहारे जीत हासिल की



**फ्रेंच ओपन।** फ्रेंच ओपन में फैंस को उस वक्त झटका लगा जब सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को मेडिकल टाइम आउट के सहारे जीत मिली। जोकोविच अनफिट दिख रहे थे और उन्हें कुछ देर के लिए मैच रोक कर इलाज कराना पड़ा। इसके बाद वह फिट होकर फिर खेलने उतरे। इसने फैंस को चौंका दिया क्योंकि जोकोविच इस साल फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के सबसे बड़े दावेदार हैं। वह 25वां ग्रैंडस्लैम जीतकर इतिहास रचने उतरे हैं।

जोकोविच ने कहा कि मैच के बाद के उपचार में उन्हें लगभग एक घंटा लग गया और इस दौरान उनके पैर के अंगूठे से खून भी निकलने लगा था। उन्होंने कहा कि उनका अगला मुकाबला शनिवार को है और ऐसे में उनके पास इससे उबरने का बहुत समय है। इस परिणाम ने जोकोविच को रिकॉर्ड 20वीं बार रोलां-गैरो में तीसरे दौर में पहुंचा दिया। फ्रेंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी राफेल नडाल भी ऐसा करने में सफल नहीं हुए। वह दो और जीत के साथ लगातार 16वें साल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएंगे।

मोउटेट ने जोकोविच पर दबाव कायम करते हुए 4-2 की बढ़त हासिल कर ली। जोकोविच में दर्द के बीच कुछ वापसी की लेकिन मोउटेट के पास 6-5 की बढ़त के साथ सेट प्वाइंट हासिल करने का मौका था। मोउटेट अपने बैकहैंड से गेंद को नेट पर खेल गये और टाईब्रेकर में जोकोविच ने उन्हें कोई मौका दिए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### 2024 में भी चोटिल हुए थे जोकोविच

जोकोविच ने 2024 में चौथे दौर के दौरान अपने दाहिने घुटने के चोटिल होने के बाद अंतिम आठ के मुकाबले में खेलने से पहले ही नाम वापस ले लिया था। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच ने पेरिस में तीन खिताब जीते हैं। उन्हें बाएं हाथ के मोउटेट के खिलाफ शुरूआती दो सेट में कोई परेशानी नहीं हुई। मोउटेट स्थानीय दर्शकों के हौसलाअफजाई से तीसरे सेट में शानदार वापसी की। इस सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबर था तब जोकोविच को पैर में परेशानी शुरू हुई।

### पुरुष एकल के अन्य नतीजे

पुरुष एकल के अन्य नतीजों में पांचवीं वरीयता प्राप्त ड्रेपर और तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी जीत हासिल की। ड्रेपर ने मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से हराया। वहीं, ज्वेरेव ने डी जोंग को 3-6, 6-1, 6-2, 6-3 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने रिचर्ड गास्केट को लगातार सेटों में 6-3, 6-0, 6-4 से शिकस्त दी। इसके अलावा फोंसेका, कोबोली और बुबलिक भी जीत हासिल कर तीसरे दौर में पहुंचने में कामयाब रहे। नौवीं वरीयता प्राप्त डी मिनौर को हालांकि उलटफेर का शिकार होना पड़ा। उन्हें बुबलिक ने 2-6, 2-6, 6-4, 6-3, 6-2 से हरा दिया। 27वीं वरीयता प्राप्त शापालोव भी मिसोलिच से हारकर और 22वीं वरीयता प्राप्त हम्बर्ट भी फर्नले से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

### जोकोविच के बाएं पैर के अंगूठे में हुई परेशानी

जोकोविच को दूसरे दौर के मुकाबले में कोरेंटिन मोउटेट के खिलाफ तीसरे सेट में अपने बाएं पैर के अंगूठे में छाले के कारण मेडिकल टाइम आउट लेना पड़ा। हालांकि, उन्होंने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में दमदार खेल से इस मुकाबले को चौथे सेट तक नहीं जाने दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने स्थानीय खिलाड़ी मोउटेट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 7-6 से जीत हासिल की।

### महिला एकल के अन्य नतीजे

महिला एकल में सोफिया केनिन, मेडिसन कीज, कोको गॉफ, पाउला बडोसा, आंद्रीवा और जेसिका पेगुला अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने वेलेंतोवा को 6-2, 6-4 से हराया। वहीं, तीसरी वरीयता प्राप्त पेगुला ने ली को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त आंद्रीवा ने क्रुगर को 6-3, 6-4 से हराया, जबकि केनिन ने विक्टोरिया अजारेंका को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। सातवीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीज ने बोल्टर को 6-1, 6-3 से हराया। 10वीं वरीयता प्राप्त बडोसा ने रूज को 3-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त दी।

# शुक्रदेव आश्रम के प्रत्यक्षानन्द भवन पर श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा का चतुर्थ दिवस आयोजित







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रदेव आश्रम के प्रत्यक्षानन्द भवन पर आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा के चतुर्थ दिवस पर वृन्दावन से पधारे पूज्य आचार्य मनोज अवस्थी ने बड़ी ही सुन्दर कथा श्रवण कराई। सर्व प्रथम प्रहलाद चरित को श्रवण कराया। किस प्रकार से दैत्य कुल में जन्मे प्रहलाद ने अत्याचार सहते हुए अपनी भक्ति नहीं छोड़ी और प्रभु को नृसिंह रुप में अवतार धारण उरना पड़ा। इसके उपरात समुद्र मंथन की कथा, गजेन्द्र ग्राह की कथा, बलि बामन की कथा, मत्स्य अवतार को कथा सूर्यवंश की कथा सुनाई। इस कथा के परिरीक्षत सुरेश चन्द्र त्रिपाठी एवं उनके पुत्र योगेश त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, देवेश त्रिपाठी एवं समस्त त्रिपाठी परिवार द्वारा बहुत सुन्दर आयोजन किया। श्रीमदभागवत कथा में महामडेलश्वर केशवा नन्द पीठाधीश्वर हनुमतकथा का आर्शीवचन प्राप्त हुआ। सभी श्रद्धालु आनन्द विभोर हो गये। कथास्थल सुखदेव आश्रम पर मुज्जफरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, कथा यजमान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह संयोजक श्रमप्रकोष्ठ योगे त्रिपाठी के परिवार से मिले ओर कथा के बारे में जानकारी हासिल की और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# कंपोजिट विद्यालय, मोरटी में ग्रीष्म कालीन शिविर का हुआ आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को पीएम कंपोजिट विद्यालय, मोरटी, रजापुर में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव रहे। विशिष्ट अतिथियों में खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान, जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) कुणाल मुद्गल, एवं एसआरजी पूनम शर्मा शामिल रहीं। शिविर की शुरूआत विद्यालय बैंड से हुई। इसके पश्चात छात्रों ने कथक एवं राधा-कृष्ण नृत्य, पंढरपुर यात्रा नाट्य मंचन, हनुमान चालीसा पाठ, ड्राइंग व क्राफ्ट, फूड स्टॉल (लस्सी व भेलपुरी) और खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया। विशेष आकर्षण रहा बच्चों द्वारा अपशिष्ट सामग्री से तैयार पोशाकों के साथ किया गया रैंप वॉक, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। बीएसए श्री यादव ने बच्चों के साथ बैडमिंटन खेला व प्रेरणादायक भाषण देकर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम रचनात्मकता, ऊर्जा और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

# दनकौर में अतिक्रमण हटाने का अभियान: नगर पंचायत ने दुकानों के सामने से हटवाई अवैध पटरियां



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के दनकौर कस्बे में नगर पंचायत ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। टीन के बाजार में शुक्रवार को दुकानों के सामने बनी अवैध पटरियों को हटाया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती देवी ने बताया कि बाजार में सड़क की मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसके लिए सड़क को तोड़ा जा रहा है। दुकानदारों ने सड़क पर अवैध रूप से पटरियां बना रखी थीं। इस संबंध में कई दिनों से शिकायतें मिल रही थीं।

पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कस्बे के अन्य क्षेत्रों में भी अतिक्रमण की समस्या है। वहां भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण मुख्य सड़क पर जाम लगता है। इससे उनका समय बर्बाद होता है। पिछले कुछ महीनों में जाम के कारण कई बार रोडरेज की घटनाएं भी हुई हैं।

# एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू हापुड़ के 19 संस्थानों के 600 कैडेट्स ले रहे भाग, 8 जून तक चलेगा कैंप



**हापुड (करंट क्राइम)।** हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर स्थित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल में 38 यूपी बटालियन एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। यह शिविर 30 मई से 8 जून तक चलेगा।

कैंप कमांडेंट कर्नल श्रीकांत नटराजन ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के साथ देशभक्ति की भावना विकसित करती है।

शिविर में हापुड़ जिले के 9 सरकारी और 10 गैर सरकारी संस्थानों से 600 एनसीसी कैडेट्स और 30 रिजर्व कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। कैडेट्स को सैनिक प्रशिक्षण, ड्रिल, फायरिंग, मानचित्र अध्ययन और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने कहा कि युवा सैनिक राष्ट्र का भविष्य हैं। एनसीसी पूर्ण समर्पण के साथ इस सपने को साकार करने में जुटी है।

कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल वैजयंत शारदा, कैप्टन कर्मवीर सिंह, सूबेदार राजेश यादव, आर.एम. नारायण सिंह, नायक सूबेदार एस.एल. मूर्ति, सूबेदार रविंद्र चौधरी, सी.टी. तनीषा भड़ाना और सोनू सैनी मौजूद रहे।

# हापुड़ में 46.2 डिग्री तक पहुंचा तापमान: पिछले 5 साल का रिकॉर्ड टूटा, दोपहर में सड़कें सूनी



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में इस वर्ष मई का तापमान पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 46.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। शुक्रवार को भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि आसमान में हल्के बादल छाए जाने से बारिश की उम्मीद है।

तेज धूप और लू के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा छाया रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को खेतों में काम करने में कठिनाई हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। सीएमओ कार्यालय ने दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने को कहा है। लू से बचाव के लिए अधिक पानी पीने और ढीले कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। जिला अस्पताल हापुड़ की प्रभारी डॉ हेमलता के अनुसार, हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ रहे हैं। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। 5 वर्ष का तापमान पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में अधिकतम तापमान 43.5त्उ, 2022 में 44.1त्उ, 2023 में 42.8त्उ, 2024 में 44.6त्उ और 2025 में 46.2त्उ दर्ज किया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कूलर और एसी भी राहत देने में असमर्थ हैं। बिजली कटौती से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। हालांकि, आसमान में हल्के बादल छाने से बारिश की उम्मीद जगी है।

# बचाने के लिए लोगों की जान, ट्रैफिक पुलिस ने बांटे 100 निशुल्क हेलमेट

## सड़क हादसों में कमी लाने के लिए ट्रैफिक पुलिस चल रही है विशेष अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों बेहतर पुलिसिंग और यातायात पुलिस द्वारा लोगों की लाइफ लाइन बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सड़क हादसों में कमी लाने और मृत्यु दर आंकड़े को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद और एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और सामाजिक संगठनों को साथ लेकर 100 से अधिक लोगों को आईएसआई मार्क वाले हेलमेट वितरित किए गए हैं। एडीसीपी ट्रेफिक सच्चिदानंद ने बताया है कि इस अभियान का मकसद सड़क हादसों में कमी लाने के साथ ही सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा का मंत्र देना है। उन्होंने कहा कि साथ ही परिवहन विभाग नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान भी चला रहा है। उसको भी सख्ती से पालन कराया जा रहा है ताकि लोगों के जीवन को बचाया जा सके।

### प्रमुख चौराहों, रेड लाइट और पेट्रोल पंप पर चला अभियान



**करंट क्राइम :** शुक्रवार को सड़क पर पुलिस के अधिकारी लोगों को हेलमेट न लगाने को लेकर ना फटकार रहे थे और ना ही चालान कर रहे थे, बल्कि बिना हेलमेट नजर आने वाले लोगों को आईएसआई मार्क का निशुल्क हेलमेट दिया जा रहा था। साथ ही कहा जा रहा था कि हेलमेट लगाकर चलें। सड़क पर सुरक्षा आपकी जीवन की सुरक्षा है, हेलमेट का इस्तेमाल करेंगे, तो सड़क हादसे होने पर चोट नहीं लगेगी और जीवन भी सुरक्षित रहेगा। दरअसल गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस इन दिनों में हादसों में कमी लाने और लोगों के जीवन को बचाने के लिए अभियान चला रही है। जिसके तहत निशुल्क हेलमेट वितरित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद और एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन ट्रैफिक, इंस्पेक्टर बीपी गुप्ता के साथ इस अभियान को चलाया गया। जहां जगह-जगह लोगों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए हैं। इस मौके पर गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा सभी दो पहिया वाहन चालकों से अनुरोध किया जा रहा है कि वह वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और पीछे बैठे वाले लोग भी हेलमेट का इस्तेमाल करें।





# कार की टक्कर से गार्ड 15 फीट दूर गिरा, हालत नाजुक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** तेज रफ्तार कार ने एक सोसाइटी के गार्ड में टक्कर मार दी। गार्ड उछलकर 15 फीट दूर जा गिरा। इस पूरी घटना की सीसी टीवी फुटेज भी सामने आई है। पूरे मामले में कविनगर पुलिस भी जांच करने पहुंची। इंस्पेक्टर कविनगर योगेंद्र मलिक के अनुसार तहरीर के आधार पर जांच कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। कविनगर की है घटना यह पूरी घटना कविनगर थाना क्षेत्र में स्कार्डी ग्रीन सोसाइटी की है। जहां गुरुवार शाम गार्ड परमानंद गेट के अंदर बैठा हुआ था। जैसे ही सोसाइटी के गेट की तरफ एक कार आती दिखाई दी। तभी गार्ड खड़ा होकर गेट खोलने के लिए गेट के पास पहुंचा।

तभी सामने से तेज रफ्तार कार ने पहले गेट में टक्कर मारी, फिर गार्ड चपेट में आ गया। जिसमें गार्ड के सिर में गंभीर चोट लगी। वह करीब 15 फीट दूर जाकर गिरा। सोसाइटी के आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। घायल गार्ड का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।




# अब कार्यवाहक नहीं लिंक वाले संभालेंगे सर्किल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को पहले से बेहतर और जनता के लिए हितकर बनाने के लिए तमाम प्रयास व उपयोग किए जा रहे हैं। वहीं बीट पुलिसिंग से लेकर सिटीजन पुलिस में बड़े परिवर्तन किए जा रहे हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए-नए आदेश और परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अब एसीपी स्तर के अधिकारियों के छुट्टी जाने पर उनके सर्किल में कार्यवाहक एसीपी को तैनाती नहीं दी जाएगी। वहीं बताया जा रहा है कि एसीपी के लिंक अफसर को ही कार्यभार की जिम्मेदारी के साथ संभालना होगा। बता दे कि लंबे समय से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ऐसा होता था कि अगर कोई एसीपी स्तर का अधिकारी छुट्टी पर जाता था, तो वहां कार्यवाहक एसीपी को तैनाती दी जाती थी और वही मीडिया बाइट से लेकर कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग को संभालने का काम करता था। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अब बताया जा रहा है कि इस व्यवस्था होने के बाद एसीपी स्तर के अधिकारियों की टेंशन थोड़ी बढ़ेगी। अब उन्हें अपने सर्किल से लेकर दूसरे सर्किल में अटेंशन रखनी पड़ेगी। साथ ही थाना प्रभारियों से लेकर वर्किंग पर भी काम करना होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कुछ सीनियर अधिकारी बताते हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम से पहले भी यही व्यवस्था रहती थी। जिसमें क्षेत्राधिकारी लिंक क्षेत्राधिकारी का काम देखते थे। इन सबके बीच चर्चा यह है कि जोन बदलाव वाले कार्यक्रम के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में प्रभारी और थानाध्यक्ष के बदलाव का धीरे-धीरे काम शुरू हो गया है, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि इसमें बकरीद तक का समय लग सकता है। कुछ बदलाव वाले चेहरों को थोड़ी राहत मिल सकती है। तो कई का विकेट गिरना तय माना जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई ऐसे थ्री-स्टार जो पूर्व वाले कार्यकाल में बेहद साइलेंट वाले मोड में रहे हैं, अब उनको थोड़ा एक्टिव वाले मोड में देखा जा सकता है। देखना होगा आने वाले समय में क्या होगा। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी हैं और सर्किल वाले एसीपी को ही अब लिंक अवसर बनाया जाएगा कार्यवाहक सर्किल अधिकारी की नियुक्ति नहीं की जाएगी।



# पत्नी ने मायके वालों से करवाई पति की पिटाई

## पति के पैर की हड्डी टूटी, सिर में चोट, पत्नी समेत 5 पर केस





**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक पति को उसकी पत्नी और मायके वालों ने मिलकर बुरी तरह पीटा। घटना बांजरपुर गांव में हुई। पीड़ित पति अनिल के पैर की हड्डी टूट गई। साथ ही सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं।

पीड़ित अनिल ने बताया कि उनकी पत्नी माया देवी किसी बात पर नाराज हो गई थी। माया ने उन्हें सबक सिखाने की धमकी दी। 24 मई को माया ने रबूपुरा से अपने भाई जगदीश, दिनेश और विनोद के साथ अपनी भाभी को बुला लिया। सभी ने मिलकर अनिल की पिटाई की। गंभीर चोटों के कारण अनिल को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# तीन बदमाशों ने युवक को बंधक बनाकर 48 हजार लूटे

## मोबाइल से किया ट्रांजैक्शन, कैश भी लिया



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में बुलेट सवार तीन लोगों ने एक छोटा हाथी चालक को बंधक बनाकर 48 हजार रुपए लूट लिए। पीड़ित के साथ मारपीट की और उसे छोड़कर भाग गए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-63 पुलिस से शिकायत की है। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। गाजियाबाद के लालकुआं से किया पीछा पीड़ित लियाकत अली अनूपशहर के पास का है। वो बीती रात को छोटा हाथी से बकरे सप्लाई करने के लिए गाजियाबाद के खोड़ा आ रहा थ। रात करीब साढ़े बारह बजे तीन लोग लालकुंआ से उसके छोटा हाथी के पीछे लगे। करीब रात करीब पौने एक बजे बुलेट सावर तीनों लोगों ने छोटा हाथी को रोक लिया। लियाकत के साथ भी तीन लोग थे। जिसमें से दो को उन्होंने अपनी बाइक पर बैठाया और दो बदमाश छोटा हाथी पर चलाकर सेक्टर-63 की ओर ले आए।

50 हजार मांगे, दो बार किया ऑनलाइन ट्रांजैक्शन यहां पार्क के पास तीनों ने मिलकर मारपीट की और 50 हजार रुपए देने के लिए कहा। कई बार पैसे के लिए मना किया कम ज्यादा करने के लिए भी कहा। लेकिन हर बार वो सिर्फ मारते ही रहे। इसके बाद मोबाइल लेकर दो बार 19-19 हजार रुपए ट्रांसफर किए और 10 हजार रुपए कैश मेरी जेब से निकल लिए। इसके बाद छोटा हाथी छोड़कर फरार हो गए। मैने पुलिस को फोन किया। इसके बाद थाना सेक्टर-63 में शिकायत दी है। एडीसीपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर पर फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## बदमाशों में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चली थी गोली, तमंचा और बाइक बरामद



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर पर फायरिंग मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। जिसके चलते बहस हुई। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ में जुटी है। दरअसल, घटना 25 मई 2024 को हुई। आरोपियों ने हिस्ट्रीशीटर बोबी उर्फ बोबिंदर पर फायरिंग की थी। बोबी होशियारपुर गढ़ी का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि पिंटू और बोबी एक समय जेल में साथ रहे थे।

इसके बाद दोनों के बीच वर्चस्व को लेकर तनाव बढ़ गया। पुलिस ने बछलौता नहर पुल के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम पिंटू और संदीप बताया है। दोनों के बीच वर्चस्व को लेकर तनाव बढ़ गया। पुलिस ने बछलौता नहर पुल के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ा। दोनों सगे भाई हैं। दोनों होशियारपुर गढ़ी के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे सरकारी अस्पताल के पीछे सर्वोदय कॉलोनी विजय बिहार में रह रहे थे। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते गोली मारी थी। मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# बड़ी समस्या का अंत हुआ, सलमान खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के फैसले की सराहना की



**कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी**

**इंडोनेशिया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था।

अलग पहचान की भावना को बड़ी समस्या बताते हुए सलमान खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से हुए सकारात्मक परिणामों पर बात की। उन्होंने केंद्रशासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में 65 फीसदी मतदाताओं की भागीदारी का भी जिक्र किया। उन्होंने इस क्षेत्र में उभरी समृद्धि की ओर इशारा करते हुए इन घटनाक्रमों को पलटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ पुरजोर तरीके से आवाज उठाई।

उन्होंने कहा, 'कश्मीर में लंबे समय से एक बड़ी समस्या थी। इसका अधिकांश हिस्सा संविधान के अनुच्छेद 370 में सरकार की सोच में परिलक्षित होता था, जिससे किसी तरह यह धारणा बनती थी कि यह देश के बाकी हिस्सों से अलग है, लेकिन अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया और अंततः इस धारणा को समाप्त कर दिया गया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता के मुताबिक, अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने के भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के फैसले से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं और समृद्धि बढ़ी है। इंडोनेशियाई थिंक टैंक और शिक्षाविदों के सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया। आज कश्मीर में एक निर्वाचित सरकार है। पहलगाम में जो कुछ भी हुआ या यहां जो भी आतंकी घटनाएं हो रही हैं, उससे हालात पहले जैसे करने की कोशिश की जा रही है। कश्मीर में जो समृद्धि आई है, उसे वापस गुम करने की कोशिश की जा रही है। संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा

पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा कर रहा है, ताकि ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की स्थिति के बारे में देशों को जानकारी दी जा सके।

### मच सकता है सियासी बवाल

उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर सरकार में कांग्रेस एक सहयोगी है। उमर ने पिछले साल सितंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद विधानसभा में अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था।

# लीबिया के रेगिस्तान में भीषण सड़क दुर्घटना, 11 सूडानी प्रवासियों की मौत




**काहिरा ।** लीबिया के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को लीबिया के रेगिस्तान में एक सड़क दुर्घटना में 11 सूडानी प्रवासियों और एक लीबियाई चालक की मौत हो गई। ये प्रवासी अपने गृह देश सूडान में चल रहे गृहयुद्ध से बचने के लिए भाग रहे थे।

यह हादसा शुक्रवार सुबह लीबिया के कुफरा कस्बे से 90 किलोमीटर उत्तर में रेगिस्तान में हुआ, जहां प्रवासियों की गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। स्थानीय अधिकारी इब्राहीम अबू अल-हसन ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मरने वालों में तीन महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटना में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग और उसका 10 वर्षीय बेटा घायल हुए हैं। यह घटना लीबियाई रेगिस्तान में सूडानी प्रवासियों के साथ हुई हालिया त्रासदियों में से एक है।

इस महीने की शुरूआत में भी सात सूडानी प्रवासी मृत पाए गए थे जब उनकी गाड़ी रेगिस्तान में खराब हो गई थी। यह गाड़ी चाड और लीबिया के बीच तस्करों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले रास्ते पर मिली थी और इसमें सवार 34 प्रवासी कई दिनों तक रेगिस्तान में फंसे रहे थे।

2011 में नाटो समर्थित विद्रोह के बाद लीबिया अराजकता में डूब गया। जिसमें लंबे समय से सत्ता में रहे तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की सत्ता समाप्त हो गई और उनकी हत्या कर दी गई।

अप्रैल 2023 से अब तक हजारों सूडानी लीबिया की ओर भाग चुके हैं, जब सूडानी सेना और एक शक्तिशाली अर्धसैनिक बल के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव ने देश भर में भीषण संघर्ष का रूप ले लिया। यह संघर्ष अब एक पूर्ण गृहयुद्ध में बदल चुका है, जिसमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है, 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं और देश के कई हिस्सों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# भारतीय तकनीक से चीन में बने हथियारों को मुंहतोड़ जवाब, अमेरिकी विशेषज्ञ स्पेंसर का विश्लेषण



**बिजिंग ।** भारत ने एक दशक पहले रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की जो कवायद शुरू की थी, उसका असर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में साफ नजर आता है। पाकिस्तान के साथ चार दिन चली इस जंग में भारत के स्वदेश निर्मित आधुनिक उपकरणों के आगे चीन निर्मित हथियार बुरी तरह मात खा गए। यह बात अमेरिकी लेखक और रक्षा विशेषज्ञ जॉन डब्ल्यू स्पेंसर ने अपने एक ताजा विश्लेषण में कही है।

अमेरिका सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी और मॉर्डन वार इंस्टीट्यूट से जुड़े शोधकर्ता स्पेंसर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान की तरफ से इस्तेमाल हथियारों का तुलनात्मक ब्योरा सामने रखा। उन्होंने लिखा है कि भारत की ब्रह्मोस मिसाइल के अलावा आकाश और आकाशतीर जैसी प्रणालियों के आगे पाकिस्तान के जेएफ-17 थंडर और एचक्यू-9/एचक्यू-16 जैसी मिसाइलें बेदम ही साबित हुईं, जिन्हें उसने चीन से हासिल किया था।

ब्रह्मोस, आकाश से लेकर सुखोई तक ने दिखाया अपना दम रूस में विकसित और मुख्यतः भारत में निर्मित ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने दुश्मन की नजर में आए बिना वार करने की अपनी क्षमता साबित की। डीआरडीओ में विकसित सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल ने आकाशतीर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम के साथ वायु रक्षा नेटवर्क को मजबूती दी।

इस जंग में रुद्रम एंटी-रेडिएशन मिसाइल, नेत्र पूर्व चेतावनी सिस्टम, एम777 हॉवित्जर, टी-72 टैंक, सुखोई और मिराज जैसे विमानों ने भी अपना दम दिखाया। भारत ने आधुनिक रक्षा शक्ति में बदलने की शुरूआत 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के साथ कर दी थी, जिनकी मेक इन इंडिया पहल का स्पष्ट लक्ष्य ही था-विदेशी हथियारों के आयात पर निर्भरता घटाना और विश्वस्तरीय घरेलू रक्षा उद्योग का निर्माण।

रक्षा क्षेत्र में 74% तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ने संयुक्त उपक्रमों का रास्ता खोला और कुछ ही वर्षों में ब्रह्मोस मिसाइल, के9 वज्र हॉवित्जर और एके-203 राइफल जैसे रक्षा उपकरण भारत में ही बनने लगे।

# भारत लौट जाओ, एच-1बी वीजा विवाद के बीच रामास्वामी की सालगिरह वाली पोस्ट पर की गईं नस्लवादी टिप्पणियां



**भारतीय मूल के उद्यमी और रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी ने हाल ही में अपनी पत्नी अपूर्वा के साथ शादी की 10वीं सालगिरह पर एक भावुक पोस्ट साझा की। हालांकि, उनकी यह जश्न वाली पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नस्लवादी और प्रवासी विरोधी टिप्पणियों का शिकार हो गई**

**वॉशिंगटन ।** यह टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर बहस छिड़ी हुई है।

रामास्वामी ने अपनी पत्नी के साथ पहली डेट की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2011 में अपूर्वा से पहली बार मुलाकात की, जब वह एक होशियार मेडिकल स्टुडेंट थीं। पहली डेट पर उन्होंने साथ में एक साप्ताहांत बिताया था और रॉकी पर्वत में फ्लैटटॉप चोटी पर चढ़ाई की थी। विवेक ने दो तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें एक तब की है जब वे पहली बार मिले थे और दूसरी हाल की सालगिरह के मौके की तस्वीर है।

### रामास्वामी ने अपने पोस्ट में क्या लिखा

विवेक रामास्वामी ने पोस्ट में लिखा, हम चोटी के बिलकुल करीब पहुंच गए थे, तभी तेज बर्फीला तूफान आ गया। मैं बेवकूफी में अब भी चढ़ाई पूरी करने की जिद कर रहा था, तभी अपूर्वा ने मेरा हाथ पकड़ा, मेरी आंखों में देखा और कहा - हमारे पास जिंदगी भर का वक्त है, हम फिर कभी लौटकर इसे पूरा कर सकते हैं। 14 साल और दो बच्चों के बाद, इस हफ्ते हम वहां दोबारा गए और अपनी 10वीं शादी की सालगिरह वहीं मनाई। अपने जीवनसाथी और अब तक की हमारी पूरी यात्रा के हर दिन के लिए मैं आभारी हूं।

पोस्ट पर नस्लवादी और प्रवासी विरोधी टिप्पणियां

लेकिन यह प्यार भरी पोस्ट जल्द ही सोशल मीडिया पर नस्लवादी और प्रवासी विरोधी टिप्पणियों का शिकार हो गई। कई यूजर्स ने कहा कि भारत वापस चले जाओ। एक यूजर ने लिखा, हम चाहते हैं कि आप भारत वापस चले जाएं और वहां की पहाड़ियों की ट्रेकिंग करें। दूसरे ने तााना मारा, क्या आपके देश में पहाड़ नहीं हैं? तीसरे यूजर ने लिखा, आपको निर्वासित कर देना चाहिए। वहीं एक अन्य ने पूछा, आप दोनों की त्वचा 3-4 शेड हल्की कैसे दिख रही है? क्या आपने ब्लीच किया है?

इन नफरत भरी टिप्पणियों से पता चलता है कि विवेक रामास्वामी का एच-1बी वीजा वाला विवाद अभी भी खत्म नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने खुलकर इस वीजा कार्यक्रम की आलोचना की है। लेकिन कुछ लोग कहते हैं कि वह खुद भारतीय हैं, इसलिए इसी प्रणाली का लाभ उठाते हैं।

जब से डोनाल्ड ट्रंप दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, तब से एच-1बी वीजा को लेकर बहस जारी है।

# तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर, वैज्ञानिक बोले- वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री तक सीमित रखना जरूरी



**काठमांडू ।** जलवायु परिवर्तन के बीच ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ग्लेशियर का द्रव्यमान लगातार कम हो रहा है। तापमान में 2.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर देश तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखते हैं तो ग्लेशियर को बचाया जा सकता है।

साइंस में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक ग्लेशियर वैश्विक तापमान वृद्धि के प्रति पहले के अनुमान से भी अधिक संवेदनशील हैं। अगर वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है, तो ग्लेशियर द्रव्यमान का केवल 24 प्रतिशत ही बचेगा। ऐसे में तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करके 54 प्रतिशत ग्लेशियर को संरक्षित किया जा सकता है।

इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट ने बताया कि अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड के आसपास के बहुत बड़े ग्लेशियरों के कारण आंकडें विषम हैं। मानव समुदायों के लिए सबसे महत्वपूर्ण ग्लेशियर क्षेत्र और भी ज्यादा संवेदनशील हैं, जहां कई ग्लेशियर 2 डिग्री सेल्सियस पर ही लगभग सारी बर्फ खो चुके हैं। ग्लेशियर पानी का एक बारहमासी स्त्रोत हैं और बदलते जलवायु के प्रति बहुत संवेदनशील हैं।

वैज्ञानिक द्रव्यमान संतुलन को सर्दियों में जमा बर्फ और गर्मियों में बर्फ और बर्फ के नुकसान के बीच के अंतर के रूप में जाना जाता है। द्रव्यमान संतुलन को जानना या गणना करना इसलिए जरूरी है क्योंकि यह किसी भी ग्लेशियर के लिए कुल जल उपलब्धता बताता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंदू कुश हिमालय के ग्लेशियर भारत और नेपाल सहित आठ देशों के 2 अरब लोगों को पोषण देने वाली नदी घाटियों को पानी देते हैं। यहां 2020 के बर्फ के स्तर का केवल 25 प्रतिशत ही बचा है।

# मस्क शानदार हैं, अरबपति के अमेरिकी प्रशासन से किनारा करने पर ट्रंप का बयान



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एलन मस्क की जमकर तारीफ की। अरबपति कारोबारी ने अमेरिकी प्रशासन में सरकारी दक्षता विभाग (ऊड्ड्रू) के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें शानदार बताते हुए ट्रंप ने कहा कि भले ही यह स्पेसएक्स के सीईओ का आखिरी दिन है, लेकिन वे हमेशा हमारे साथ रहेंगे। ट्रंप और मस्क आज बाद में मीडिया ब्रीफिंग करेंगे।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, 'मैं दोपहर 1:30 बजे ईएसटी (11:00 बजे क्ष्ळ) एलन मस्क के साथ ओवल ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहा हूं। यह उनका आखिरी दिन होगा, लेकिन वास्तव में नहीं, क्योंकि वे हमेशा हमारे साथ रहेंगे। हर तरह से हमारी मदद करेंगे। एलन शानदार हैं! व्हाइट हाउस में मिलते हैं।'

### ट्रंप प्रशासन में मस्क की क्या भूमिका रही

एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन देने के समय से ही अमेरिकी जनता से यह वादा किया था कि पूर्ववर्ती और मौजूदा अमेरिकी सरकारों ने फिजूलखर्ची काफी की है और अगर इनमें कटौती की जाए तो हर साल अमेरिकी जनता के दो ट्रिलियन डॉलर (दो लाख करोड़ डॉलर) तक बचाए जा सकते हैं। एलन मस्क के इन बयानों ने तब और सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनते हैं, तो वे खर्च में कटौती करने के लिए भूमिका निभाने को तैयार हैं।

### सरकारी दक्षता विभाग के गठन का एलान

ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद सरकारी दक्षता विभाग (ऊड्ड्रू) के गठन का एलान कर दिया। हालांकि, इसे आधिकारिक सरकारी विभाग का दर्जा नहीं मिला, क्योंकि यह काम सिर्फ संसद ही कर सकती थी। इसकी जगह डोज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकारी आदेश से बनी सलाहकार संस्था की तरह काम करती रही।

# दो भारतीय शांति सैनिक मरणोपरांत सम्मानित दुनिया ने इस खास मौके पर किया शौर्य को सलाम



**पिछले साल संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो भारतीय शांति सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय शांति सैनिक दिवस पर मरणोपरांत सम्मानित किया गया**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर गुरुवार को यहां एक भव्य समारोह में ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह को डैग हैमरशॉल्ड पदक से सम्मानित किया गया।

ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा ने संयुक्त राष्ट्र विघटन पर्यवेक्षक बल (यूएनडीओएफ) के साथ काम किया था, जबकि हवलदार संजय सिंह कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र स्थिरीकरण मिशन (एमओएनयूएससीओ) के साथ तैनात थे। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित भव्य समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से शहीद भारतीय शांति सैनिकों के परिवारों की ओर से डैग हैमरशॉल्ड पदक प्राप्त किया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'दिवंगत शांति सैनिक हमें मानवता की व्यापक और सामूहिक भलाई के लिए किए गए बलिदानों की याद दिलाते हैं। ब्लू हेलमेट्स दुनिया भर में संकटों के समय संयुक्त राष्ट्र का चेहरा बने हुए हैं, जो सबसे गंभीर रूप से प्रभावित लोगों को शांति और आश्वासन मुहैरया कराते हैं। वे उम्मीद की किरण बनकर उभरते हैं। भारत ने दिवंगत ब्रिगेडियर अमिताभ झा (यूएनडीओएफ), हवलदार संजय सिंह (एमओएनयूएससीओ) और कर्नल (सेवानिवृत्त) वैभव अनिल काले को भी याद किया, जिन्हें हमने पिछले साल खो दिया था।'

# नाइजीरिया में आई भीषण बाढ़ से अब तक 88 लोगों की मौत, बांध टूटने के बाद बिगड़ी स्थिति



**इसा ने शुक्रवार को बताया कि राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी हैं और मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले की रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 20 बताई गई थी। उन्होंने बताया, संख्या बढ़ती जा रही है**

**अबुजा ।** नाइजीरिया के नाइजर राज्य के मोक्वा नामक बाजार कस्बे में गुरुवार को आई भीषण बाढ़ के चलते कम से कम 88 लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी नाइजर राज्य की राजधानी मिन्ना में आपदा प्रबंधन कार्यालय के प्रमुख हुसैनी इसा ने दी।

लेकिन अब तक 88 शव बरामद किए जा चुके हैं। यह बाढ़ कई घंटों तक लगातार हुई मूसलधार बारिश के कारण आई। स्थानीय निवासियों और सरकारी अधिकारियों के अनुसार, पास के एक कस्बे में स्थित बांध के टूटने से स्थिति और गंभीर हो गई।

मोक्वा एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है, जहां देश के दक्षिणी हिस्से से व्यापारी और उत्तरी हिस्से के किसान मिलते हैं। इससे पहले सितंबर में भी एक ऐसी ही घटना हुई थी जब नाइजीरिया के पूर्वोत्तर मिदुगुरी क्षेत्र में भारी बारिश और एक बांध के टूटने से भीषण बाढ़ आ गई थी। उस समय कम से कम 30 लोगों की जान गई थी और लाखों लोग बेघर हो गए थे। यह क्षेत्र पहले से ही बोको हराम उग्रवाद के कारण मानवीय संकट से जूझ रहा था।

नाइजीरिया में अक्सर मौसमी बाढ़ आती है, खासकर उन इलाकों में जो नाइजर और बेन्यू नदी के किनारे बसे हैं। ये बाढ़ स्थानीय समुदायों के जीवन और आजीविका पर गंभीर असर डालती हैं।

# समाजवादियों ने किया पीडीए चर्चा का आयोजन

## समाज के सशक्तिकरण और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा पर विस्तृत चर्चा






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को विजयनगर के वार्ड 3 में पीडीए मीटिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद सविता, गाजियाबाद विधानसभा प्रभारी रहे। कार्यक्रम में साथ में विशाल वर्मा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा, विरेन्द्र यादव महासागर अध्यक्ष, राजन कश्यप महासागर महासचिव, अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्रः सभा, ठाकुर विक्की सिंह, राजबीर सिंह जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, जितेंद्र जाटव महासागर सचिव व कार्यक्रम आयोजक व कई अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में समाज के सशक्तिकरण, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और समाजवादी विचारधारा के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य अतिथि विनोद सविता प्रभारी गाजियाबाद विधानसभा ने कहा कि पीडीए समाज को उसकी ताकत का एहसास दिलाने के लिए गली गली जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2027 में हमें समाजवादी पार्टी को फिर से सत्ता में लाना है। ताकि हर वर्ग को न्याय और समानता मिले। विशाल वर्मा पूर्व विधायक प्रत्याशी ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को कमजोर करने की साजिशें की जा रही हैं, जिसे रोकने के लिए पीडीए समाज को एकजुट होना होगा। उन्होंने समाज के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए सभी से संविधान बचाने और लोकतंत्र मजबूत करने का आह्वान किया।

**विशाल वर्मा पूर्व विधायक प्रत्याशी ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को कमजोर करने की साजिशें की जा रही हैं, जिसे रोकने के लिए पीडीए समाज को एकजुट होना होगा। उन्होंने समाज के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए सभी से संविधान बचाने और लोकतंत्र मजबूत करने का आह्वान किया।**



विरेन्द्र यादव ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय की लड़ाई और समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए गली गली जाकर जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। संविधान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाने और आरक्षण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की मांग की गई।

पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक पीडीए समाज को एकजुट करने की रणनीति बनाने का संकल्प किया गया। शिक्षा और युवाओं को रोजगार के नए अवसर देने की दिशा में कार्य करने और महिलाओं के उत्थान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाये जाने के साथ विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी को जीत दिलाने और श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लग रहा है जैसे-जैसे समय आगे बढ़ेगा, वैसे-वैसे सुलगेगी भगवा गढ़ में विरोध वाली आग? कहने वाले ने कहा- सांसद जी के स्वागत वाले ग्रुप पर भगवा योद्धा के खिलाफ लिख दी है एक महामंत्री ने कुछ ऐसी ही बात? खुलकर लिखा है उनका नाम? साथ में लगाया है एक कार्यक्रम का फोटो? संदेश दिया है बैकड्रॉप पर नहीं दिया गया है सांसद जी के फोटो को स्थान? कहने वाले ने कहा- उनका ये कमेंट देखना खड़ा करेगा कोई ना कोई घमासान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हुआ है महापौर सुनीता दयाल की ओर से अहिल्या बाई होल्कर जी का सरकार प्रोग्राम? तो फिर कुछ प्रश्नों में उन पर भी फोकस करो श्रीमान? कहने वाले ने कहा- हमने देखा ताकतवर लेडी ने मंच पर दिया पुराने और वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मान? पूर्व मेयर अशु वर्मा, पूर्व मेयर आशा शर्मा से लेकर अशोक गोयल, विजय मोहन और पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोह को भी दिया उन्होंने मंच पर स्थान? इतना ही नहीं इन सबका कराया निगम के अधिकारियों से स्वागत? अब आप ही बताओ इससे ज्यादा कोई क्या फिक्र करेगा श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम वाले प्रोग्राम में हमारी थी मंच पर आने वाली दो बड़ी मालाओं पर नजर? हमने देखा- ये दो बड़ी माला पाल समाज के लोग लाए थे, इस माला में शामिल हुए सम्मानित होने को लेकर कई चेहरे? हमने देखा- भगवा योद्धा को भी माला में प्रवेश लेने के लिये लगाई गई कई बार पुकार? मगर, उन्होंने यहां पर भीड़ वाली माला में घुसने से ज्यादा रखा अध्यक्ष वाले प्रोटोकॉल का ख्याल? मुस्कराकर वो माला से खड़े रहे दूर? कहने वाले ने कहा- राजनीति में कुछ ऐसे भी संदेश दिये जाते हैं हुजूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ ऐसा ही दिखाया पूर्व मेयर अशु वर्मा ने भी अपना किरदार? हमने देखा- वो भी अपनी जगह पर खड़े रहे, जब अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के लिये लगाई पार्षद विरेंद्र त्यागी ने पुकार? हमने देखा- दीप प्रज्वलन के लिये नहीं दिख रहा था कोई अतिरिक्त स्थान? ये देखकर वर्मा जी अपनी कुर्सी के पास ही खड़े रहे? उन्होंने भी प्रोटोकॉल को समझा, किसी भी तरह की अव्यवस्था से वो दूरी बना गए श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी थी निगम वाले इस कार्यक्रम वाले मंच पर बारीकी से नजर? हमने देखा- तमाम पार्षदों को मंच पर मंत्री जी का स्वागत करने के लिये बुलाया गया? बावजूद इसके हो रहा था यहां पर पार्षद भगवा सोलंकी जी का जिक्र? कहने वाले ने कहा- मंच पर पहुंचने के बाद सोलंकी जी ने बहुत ही स्मार्ट तरीके से ले लिया था कुर्सी पर स्थान? उनकी इस अदा को देखकर सामने बैठे कई पार्षद हो रहे थे हैरान और परेशान? सुना है, सोलंकी जी के खुद को इतना प्रोटोकॉल देने से कई मेंबर हो गए हैं नाराज? आज नहीं तो कल वो इस बारे में करेंगे मेयर साहब से बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम वाले कार्यक्रम में पाल समाज के किसी चेहरे को मिलता माइक? तब हमारे दिल को मिलती राहत? मगर, हमने देखा जितने भी चेहरों ने संबोधन किया, उसमें से पाल चेहरे की हमें पूरी होती हुई नहीं दिख रही थी चाहत? एक बात ने दी हमारे दिल को राहत? मेयर साहब ने पाल समाज के प्रबुद्ध लोगों को मंच पर बुलाकर मंत्री जी का स्वागत कराया? बस यहीं से पूरी हुई हमारी चाहत? किसी भी तरीके से सही, उन्होंने रखा पाल समाज का ध्यान? अगर, मंच के साथ माइक भी मिल जाता तब और मजबूत संदेश जाता साहेबान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी थी मंच पर नजर और मेयर सुनीता दयाल के संबोधन पर थे कान? हमें उनके संबोधन की जो बात अच्छी लगी उस पर खींच रहे हैं आपका ध्यान? मेयर ने मंच से लेकर सामने बैठे हुए पार्षदों से कराया बहुत ही अपनेपन का एहसास? मेरे पार्षद, मेरे अधिकारी, मेरे दोनों पूर्व मेयर कहकर वो प्रकट कर रही थीं संबोधन में अपने जज्बात? कहने वाले ने कहा- मेरे शब्द का इस्तेमाल करके उन्होंने दे दिया स्पष्ट संदेश? करा दिया एहसास, जितने भी चेहरे कार्यक्रम में थे, उनका है उनके दिल में स्पेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखा, निगम वाले कार्यक्रम को सफल करने में भगवा योद्धा ने भी बहुत शानदार किया प्रयास? मंच पर उनके चेहरे का तेज दिख रहा था बहुत ही खास? जैसे ही मेयर गई संबोधन पर वो अपनी कुर्सी छोड़कर बैठ गए केंद्रीय मंत्री के साथ? उनकी इस कार्यवाही को देखकर मंच के सामने बैठे एक समाज के प्रमुख चेहरे पर आ गई मुस्कराहट? अब हम जानना चाह रहे हैं उस मुस्काराट की वजह? ये मुस्कराहट खुशी की थी या किसी और बात की? पता नहीं चल रहा है उनकी हंसी का फलसफा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब थोड़ा सा निगम वाले कार्यक्रम से बाहर आ जाएं? अब ये बताएं कि रेलवे स्टेशन वाले कार्यक्रम में क्यों पड़ गया था एक भगवा मैडम को देना राय? सुना है इन्होंने उद्घाटन वाला रिबन मौके पर नहीं होने का दिया था विकल्प? कहा था- दो मालाओं को जोड़कर रिबन बना लो, हो जाएगा इससे समस्या का हल? सुना है, उनकी इस राय से कोई प्रमुख चेहरे हो गए नाराज? बोले- बहनजी आप क्या कर रही हो बात? कहने वाले ने कहा- मामला तब तो हो गया था रफा-दफा? मगर, एक बार आप मैडम को टटोलें तो साहब? क्या पता, कुछ कुरेदने से उनके बाहर आ जाएं जज्बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बार फिर ले लो आप अपने सवालों में निगम वाले कार्यक्रम की एंट्री? फिर देखो, कैसे एंट्री के समय एंट्री गेट पर था पावरफुल वाली मैडम का ध्यान? सुना है, एक लेडी मेंबर स्कूटी पर अकेले ही कार्यक्रम में पहुंची थी, जबकि कार्यक्रम से पहले हुई मीटिंग में उन्होंने दिया था अपनी ओर से 50 चेहरों को कार्यक्रम में लाने का प्लान? ताकतवर मैडम ने उन्हें यूं अकेला आते हुए देखकर कस दिया ताना? कहा- अब तुम्हारे कहने से कुछ नहीं होगा? नहीं चलेगा अब कोई भी नया बहाना?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने संपत्ति करो में वृद्धि के विरोध में पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम के संपत्ति करो में 3 से 5 गुना तक वृद्धि करने के विरोध में महानगर उद्योग व्यापार मंडल महानगर के अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान एवं महामंत्री अशोक चावला के नेतृत्व में शुक्रवार को पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल जी को ज्ञापन सौंपा। गाजियाबाद नगर निगम ने आवासीय एवं व्यवसायिक कर टैक्स 3 से 5 गुना तक वृद्धि करते हुए बल एवं नोटिस दिये जा रहे है। किसी-किसी के क्षेत्र में व्यवसायिक कर 10 गुना तक भी बढ़कर दिया गया है। इस ज्ञापन में व्यापारियों ने डीएम सर्किल रेट के आधार पर टैक्स नहीं लगाये जाने के सम्बन्ध में आग्रह किया है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि नगर निगम अधिनियम की धारा 174 (ख) के अनुसार प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार ही संपत्ति करो टैक्स में वृद्धि की जा सकती है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वर्ष 2023 2024 में संपत्ति करो टैक्स की वर्तमान दरों में 10% की वृद्धि की जा चुकी है। जो वर्ष 2024 2025 अंतर्गत 31.3.2025 तक लागू है।

गाजियाबाद नगर निगम में वर्तमान में जिन किराया की दरों पर संपत्ति करो की दरें लागू है। उन्हें 3 से 5 गुना तक एक साथ बढ़ाना किसी भी तरह से उचित प्रतीत नहीं होता है। इससे गाजियाबाद की जनता में असंतोष एवं गुस्सा है और सरकार की बदनामी भी हो रही है। गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी अपनी संपत्तियों जैसे रामतेराम रोड शॉपिंग कंपलेक्स और नेहरू नगर में बनाए गए ऑडिटोरियम को कई वर्ष बीतने के बाद भी अपनी इन संपत्तियों को डीएम सर्किल रेट आधारित किराए पर नहीं उठा पाए हैं तो आम नागरिकों पर 3 से 5 गुना तक वृद्धि करना न्याय संगत नहीं है।

इन कथनों में देखते हुए यह मानने को पर्याप्त आधार है कि आम नागरिकों पर नियम विरुद्ध जाकर संपत्ति करो में वृद्धि डीएम सर्किल रेट आधारित किराए की दरों पर नहीं होना चाहिए। वर्तमान लागू संपत्ति करो को 3 से 5 गुना तक बढ़ाया जाना किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नहीं है। इसलिए संपत्ति करो में जायज वृद्धि के लिए धारा 174(ख) में डीएम सर्किल रेट आधार को छोड़कर अन्य दो विकल्पों के आधार पर संपत्ति करो में वृद्धि के प्रस्ताव तैयार करके, नियम अनुसार प्रक्रिया पूरी करके, सदन की स्वीकृति, अनुमति लेकर ही संपत्ति करो में वृद्धि किया जानी तर्कसंगत होगी।

इस मौके पर चेयरमैन बृजमोहन सिंगल, अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान, महामंत्री अशोक चावला, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजदेव त्यागी, उपाध्यक्ष मोनू गोयल, युवा जिला महामंत्री डॉक्टर रघुराज, युवा महामंत्री वसीम अली, युवा कोषध्यक्ष अमित मैदान, संजय नगर व्यापार मंडल के चैयरमेन प्रदीप गर्ग, अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा त्यागी, पूर्व कोषध्यक्ष बबलू सिंह, उपाध्यक्ष एसपी सिंह सिसोदिया, दीपक त्यागी, रोहित चौधरी, शास्त्री नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन कुंवर पाल अध्यक्ष सुधीर चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हिंडन नदी को साफ की कार्ययोजना तैयार
### तीन ब्लॉक के गांवों को मिलेगी गंदे नालों से निजात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हिंडन नदी का वर्तमान स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा है। पहले नदी का पानी साफ और स्वच्छ था, जिसका उपयोग लोग और जीव-जंतु करते थे। लेकिन समय के साथ, नदी का पानी दूषित हो गया है और अब इसके पास से गुजरने पर नाले जैसी गंध आती है. यह स्थिति कई गांवों के गंदे पानी के गिरने के कारण उत्पन्न हुई है. इन समस्याओं का हल निकालने के लिए जिला प्रशासन ने एक ठोस कार्ययोजना तैयार की है. इसके तहत उन गांवों की पहचान की गई है, जो नदी को दूषित करने के लिए जिम्मेदार हैं. इन गांवों में ग्राम पंचायत के बजट से कार्य किया जाएगा, जिससे नदी को दूषित होने से रोका जा सके।

सीडीओ अभिनव गोपाल ने बताया कि मुरादनगर ब्लॉक के सुराना, सुठारी, भदौली, कुन्हैड़ा, रेवड़ी, रेवड़ा, खोराजपुर, मतौर, नेकपुर, साबितनगर गांव, लोनी ब्लॉक के असालतनगर, फर्रुखनगर, भनैड़ा खुर्द, सिरोरा, सलेमपुर, मुर्तजा, भूपखेड़ी और रजापुर ब्लॉक के मकरेड़ा, महमूदाबाद गांव के पास के स्थल को चिन्हित किया गया है. इन गांवों से दूषित पानी हिंडन नदी में बहाया जाता है. हिंडन नदी को स्वच्छ बनाने के लिए अब जिला प्रशासन ने कमर कस ली है।

### आधुनिक तकनीक से होगा नालों का पानी साफ

सीडीओ अभिनव गोपाल ने बताया कि इन गांवों में पानी की सफाई के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। यह प्रक्रिया तीन चरणों में की जाएगी, जिसमें फिल्टर चैंबर, सिल्ट कैचर और फाइटो रेमेडिएशन सिस्टम शामिल हैं। जैविक तरीके से सफाई के उपकरणों की मदद से नाले के पानी से कीचड़ और ठोस कचरा निकाला जाएगा।

# प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 मई 2025 को शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के पास गाजियाबाद प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 शहीद स्मारक समिति द्वारा श्रद्धांजलि भावांजलि पुष्पांजलि की गई। समिति के अध्यक्ष पंडित रामआसरे शर्मा ने बताया कि हिंडन नदी का ऐतिहासिक युद्ध, जब क्रांतिकारियों ने अंग्रेजो का घमंड चकनाचूर किया 31 मई का दिन भारतीय इतिहास में सदा याद किया जाता रहेगा क्योंकि 30 व 31 मई 1857 को ब्रिटिशकालीन भारत में दुनिया की सबसे प्रशिक्षित अंग्रेजी फौज व भारत के क्रान्तिकारियो की उत्साही सेना का मुकाबला गाजियाबाद में बहती हिंडन नदी के तट पर हुआ था। संस्था के मीडिया प्रभारी एवं विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास का एक ऐसा दिव्य तथा भव्य अध्याय है, जिसमें धर्म, वर्ग, जातियों की सभी दीवारें ध्वस्त हो जाती हैं और जनसमूह के रूप में भारत की आत्मा मुखर होती है।

भावांजलि इस अवसर पर संस्था के महामंत्री पी०एन० गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी संदीप त्यागी रसम, छोटेलाल कन्नोजिया, सतपाल सिंह तेवतिया पूर्व डायरेक्टर गन्ना समिति, हरेंद्र पप्पू पूर्व सभासद, संतोष दिक्षित, शरीफ मियां, भिखारी लाल, डॉ शीला रानी, डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर दिलीप कुमार, डॉ एसके मिश्रा, एम एल बड़वार, ए खालिद, डा मिलन मंडल, डॉ वसीम, डॉ एस के सिकदर, ब्रजन विश्वास, अभिजीत दत्ता, किंकर राय, आलोक चंद शर्मा, डा डी के सिंह, डा ऐके जैन, डा देवाशीष ओझा, रंजीत पौद्दार, डा डी के वासु, गौरव, डॉ देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# निगम पार्षद प्रीति जैन एवं पार्षद प्रतिनिधि अभिनव जैन ने कराया नालियों की सफाई कार्य




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम पार्षद प्रीति जैन एवं पार्षद प्रतिनिधि अभिनव जैन ने महागुन मेंशन, अमरपाली ग्रीन एवं गौर ग्रीन सिटी की ओर जाने वाली नालियों की गहरी सफाई कराई। इस प्रक्रिया में पहले चरण में पुरानी जमी हुई सिल्ट को जेसीबी लोडर मशीन से निकाला गया। किंतु उस समय निकाली गई सिल्ट सड़क पर रहने के कारण कुछ भाग वाहनों के नीचे दब गया।

इस समस्या के समाधान हेतु पार्षद ने संबंधित आरडब्लूए के सहयोग से पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को हटवाया। जो वाहन हटाए नहीं जा सके, उन पर नगर निगम द्वारा यातायात नियमों के अंतर्गत चालान की कार्यवाही की गई।

इसके पश्चात पुनः सिल्ट सफाई मशीन द्वारा नालियों से गाद निकालने का कार्य कराया गया है, जिसकी निकाली गई सिल्ट को शीघ्र नगर निगम द्वारा उठा लिया जाएगा। यह कार्य क्षेत्रीय स्वच्छता, जनस्वास्थ्य एवं मानसून से पूर्व तैयारियों की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक था। नगर निगम, आरडब्लूए और पार्षद के समन्वय से यह कार्य सफलतापूर्वक कराया जा रहा है। पार्षद ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी ओर से सहयोग करें और नालियों में कचरा न डालें तथा अनावश्यक रूप से सार्वजनिक मार्गों पर वाहन पार्क न करें।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गेम फिनिशर के नाम से मशहूर पूर्व पार्षद अनिल स्वामी इन दोनों परिवार के साथ कनाडा में है। परिवार के साथ खुशनुमा पलों को उन्होंने फेसबुक पर अपनी पोस्ट के जरिए साझा किया। पूर्व पार्षद अनिल स्वामी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।